Liberation as the realization of one's own essential nature is termed as self-recognition (*pratyabhijñā*) by the Trika thinkers. It would be erroneous. according to Trika, to think of recognition in terms of memory (*smṛti*) or

cognition (*pratyakṣajñāna*). It, however, is the combination of both memory and cognition. Memory is the result of the mental impressions (*samskārajanya*). Although through perception the object may be perceived as well as cognized, but it is never re-cognized. In the event of recognition what happens is that the mental impression goes invariably along with the direct perception of the object. The uniqueness of recognition lies in the fact that the object that is being perceived is easily identified with the object that has been seen or known before. Thus recognition is characterized by an intuitive awareness with regard to the identity of the substance that persists through its two states.

It is, of course, true that through intellectual knowledge (*bauddhajñāna*) we have the possibility of knowing the object, but this knowledge does not lead to the knowledge concerning the own-being of the object. It would mean the continuance of ignorance with regard to the imaginary distinction between the object that is perceived now and the object that is desired to be perceived. It is immediate knowledge or intuitive awareness (*prātibhājñāna*) alone that can remove ignorance concerning the imaginary distinction between the object that is perceived and the object that is desired to be perceived. It is so because the intuitive awareness terminates in the emergence of recognition (*pratyabhijñā*) in terms of the identification of the two. As to what recognition is, can be illustrated by an example of a lady who is desirous of being loved. She is told of a man who has the qualities that she wants to have as her husband. She accordingly writes a letter to him requesting him for a meeting. Upon receiving the letter the would-be husband. without informing her, pays a visit to her. Upon encountering each other she does not at first find those qualities in him. Upon being told that it is the same person to whom she wrote the letter, she immediately recognizes all those good qualities she had been cherishing in her heart. As a result of recognition she overflows with joy. The joy is experienced by her is the result of recognition.

What the Trika thinkers want to say is that mere knowledge of an object does not culminate in the realization of joy. It also means that the self cannot attain liberation just by knowing the qualities of the Supreme Being. One must recognise one self as one with the Supreme Being by getting rid of the ignorance which is responsible for creating imaginary distiction between the self and the Supreme self. Trika's concept of the identity between the individual soul and the Supreme Being finds expression in the great Upanishadic atterance "*tat tvamasi*" (that thou art) also. It is an assertion that asserts that the individual self recognizes himself as being identical with the Supreme Being. As recognition is immediate realization of identity with the Supreme Being, it culminates in liberation from bondage. This immediate awareness as recognition can come about either through spiritual initiation (*dīkṣā*) by a teacher or by listening to the word of the Sacred Scriptures (*śāstra*) or through the descent of divine grace (*śaktipāta*). The descent of grace is not dependent upon our merits. It is a free gift of the Lord. It is through grace that the Lord reveals himself to him whom he chooses (*yamevaiṣa vṛnute tena labhyaḥ Kaṭha* Up., 1.2.23).

Liberation as knowledge of identity with the Absolute, which is said to be the union of the two cosmic entities, namely, Shiva and Shakti, raises a series questron– how is it possible to say that the two opposites can have a union? From the view point of non-dualism, union cannot be equated with identity. This genuine query of the non-dualist can be answered by saying that "it is impossible to conceive any difference, which could (sepa-

rate) Shakti from Shiva." This oneness of identity explains the two aspects of one and the same reality. The Absolute as consciousness is undoubtedly the pure light of contemplation (*prakāśa*) and Shiva symbolizes this aspect. At the same time the Absolute is also endowed with infinite potentialities, self-awareness as the "will to know". This will to know is a kind of inner urge (*vimarśa*) to transgress, as it were, its own limits. And this dynamic aspect of the Absolute is symbolized as Shakti. It is this innate power of the Absolute that has been identified with Speech (*vāk*), which is considered as the source and origin of everything that exists phenomenally.

This union of the two cosmic entities, which constitutes the nature of the Absolute, is conceived of in terms of continuous "vibration", "pulsation", or "throb" (*spanda, sphurattā*). It is this inner throb of the Absolute that is seen as the basis for the process of manifest universe. This flashing forth of the Absolute is nothing but the manifestation of the primordial speech, which, in its descent, condenses itself In its descent, through the process of condensation, it manifests itself as this variegated universe of objects. As the initial movement of consciousness is always present in every human being, so the task of an adept should be to contemplate so that this union of Shiva and Shakti would lead to the mystical experience of illumination. In Pratyabhijñā terminology this means "recognizing" oneself to be essentially identical with the Supreme Lord. In the *Īśvarapratyabhijñā Kārikā* (1.5.12-14) of Utpaladeva this gamut of "flashing out" (*pratibhā*) is explained thus:

Since the Self has been spoken of as consciousness, so it cannot be said to be unconscious. And so this (consciousness) is identical with the act of awareness, due to which we can differentiate it from all insentient entities.

The (very) essence of consciousness is to be self-aware. It is the Supreme Speech that emerges out of itself and is (accordingly) the self-sufficiency of God as well as his divine essence.

This consciousness (as awareness) is proclaimed as being shimmering, pulsation supreme (and) unconditioned reality, As the heart of Supreme Lord, it (accordingly) is the essence (or *Brahman*).

This concept of consciousness as vibration is a new honizon that the Pratyabhijña doctrine has opened in philosophical thought. It consists of a new approach to understanding cosmic manifestation of *Brahman*. The cosmic manifestation is not. viewed by it as a kind of illusory manifestation "superimposed" (*adhyāsyate*) upon the unchanging reality known as *Brahman*. Nor is it regarded as the handiwork of an independent evolving entity like prakṛti as in Sāṁkhya. For the Trika the cosmic manifestation is actualization of the latent possibilities existing within the "heart" (*hṛdaya*) of *Brahman*. These latent possibilities are actualized when there is a sudden flashing out of countless perceptible objects that constitute the universe.

This vibration or flashing forth of consciousness, at the level of theology, is equated with the "Mohter Shakti". It is this Mother Shakti which, in the process of cosmic manifestation, reduces itself, through a series of intermediate stage, into what we perceive as the universe. While giving rise to the manifest universe, this Mother Shakti assumes various forms of the sounds and of the Sanskrit alphabet. Thus the vowels as well as consonants are seen to be embodying the diversity of the inner vibration that is innate to Shiva's own consciousness. The conception of creation as gradual descent as well as the diffusion of the initial light has overtones that resemble Neo-Platonism. The consmos as the condensation

or diminishing of the initial light is quite contrary to the standpoint of Advaita Vedānta. For Śāṁkara the visible universe that we see and experience is illusory. Since the universe is considered to be illusory, it means that Brahman in no manner is affected by it. The illusory character of the universe denotes that it has no ontological basis or significance. For the Trika non-dualism this is unacceptable. There occurs, according to it, a real process of manifestation of the universe when the initial outburst or flashing forth of the vibrating energy eventuates. It is an outburst in terms of which occurs the continuous emanation of all kinds of forms and objects.

This conception of the Absolute as "emptying" itself out by becoming practically the universe has its parallel in the Pauline theology. According to St. Paul, God emptied himself by becoming Man-Jesus. It is an incarnational theology in terms of which insertion of Divine within the womb of Matter is accounts for. It is a kind of self-effacement in terms of which God annihilates himself. In the context of the limited individual (*paśu*), it would mean that it is through self-annihilation that adherence to God is actualized. It is through the emptying of the self that the filling of God within us occurs. This theology of *kenosis* tells us that God, by annihilating himself, becomes the universe and likewise the limited individual through self-effacement realizes his identity with God. Through this two-way movement both man-and-God meet and encounter each other, and as a result of which is recognized the primal state of identity that brims over with bliss. The one who has reached this state of beatific vision is known as liberated-in-life (*jīvanmukta*). For the liberated-in-life everything is the embodiment of the undifferentiated fullness. It is an experience in terms of which is proclaimed: Shiva is All (*omnia in omnibus*). Thus the liberated is one who, in the words of Abhinavagupta, "has continuously practiced burying himself (*samāveśa*) in Shiva and has fully recognized his energies of knowledge and activity as being the pure freedom of the Lord can then know and do all he desires even though he is still associated with the body. He is not only deified, in the ordinary sense of the word, but he is fundamentally free because he uses at will the divine powers belonging to Paramashiva and lives in eternal freedom" (*Īśvarapratyabhijñā-vimaraśinī*, 4.1.15.)

From this it is quite clear that liberation consists in the recognitive realization of absolute freedom, of perfect fullness (*pūrṇatva*) and this freedom and fullness is nothing but the realization of non-difference between *bhoga* and *mokṣa*. So release constitutes an experience in which there is which is affected equanimity between transcendence and immanence.

Thus the released person looks at the world from the perspective of liberation, which practically means that the world for him is neither desirable nor hateful. In this manner he transcend the pairs of opposites like love and hate, good and evil, heat and cold, etc. In this state of beatific vision, or what is called the *Turyātīta state*. the content of experience is ineffable precisely because it is characterized by transcendence. Abhinavagupta in his *Tantrasāra* (chap. 2, tr. Pereira, *Hindu Theology*) beautifully explains as to what is constitutes this transcendental experience thus:

All this is therefore one Reality a Reality undivided by Time, unconfined by Space, unenfeebled by accidents, unconstrained by configurations, unexpressed by words and unmanifested by norms of knowledge. It is the cause, on its own will and pleasure, of the attainment of the essences of these things, from time to norms It is the sovereignty free Reality, the concentration of beatitude. And I am absolutely It there, within me, is reflected the universe. ❑❑

Ashram News

International Seminar on Kashmir Shaivism at Srinagar

The Ishwar Ashram Trust organised a two–day International Seminar on Kashmir Shaivism on 28th and 29th September 2013 at Srinagar, Kashmir. Nearly 250 participants attended the seminar. Scholars from all over the country and abroad were invited as faculty to participate in the Seminar. They included Prof. Debabrata Sen Sharma, Dr Navjivan Rastogi, Dr Mark Dyckowski, Dr Rama Ghosh, Dr Jagir Singh, Dr Rajneesh Mishra, Prof. Sampath Kumar Medvarapu, Dr. Sangamesan K.M., Prof. Rajini M., Dr. Varun Tripathi, Dr M H Zafar, Prof. Yogesh Sharma and others. On the academic front, the Ishwar Ashram Trust was represented by Prof S.S. Toshkhani and Prof M.L. Kukiloo. The Chief Guest for the event was the Governor of Jammu and Kashmir, Shri N.N. Vohra. Shri Vohra released a souvenir as well as a CD of the *Maharthmanjari*, an important Shaiva text by Maheshwarananda, as explained by Swami Lakshamanjoo in Kashmiri. In his address, Shri N.N. Vohra appreciated and emphasised the all-inclusive philosophy of Kashmir Shaivism which does not discriminate on the basis of caste, creed and color and can be practiced by entire humanity.

In the Welcome Address on behalf of the Trust, it was emphasised that the Trust is duty bound to carry forward the legacy of Swamiji's teachings and his mission of propagation of the philosophy of non-dual Trika Shaivism. It was also anounced in the welcome address that the Seminar at Srinagar would be followed by a one-day seminar in New Delhi on 30th November, 2013. Also, for the first time, the Ishwar Ashram Trust would be organising a week-long residential introductory course in Kashmir Shaivism at its New Delhi Kendra from 1st December to 7th December, 2013 for the benefit of fifteen learners keen to study Kashmir Shaivism.

The two-day Seminar covered a wide ranging topics on the philosophy and practice of Kashmir Shaivism. A wide range of books and CD's of Shaivacharya Swami Lakshmanjoo's teachings were on display at the trust's book stall for the two-days. At the end of both the days, video recordings of Swamiji's lectures were played and were appreciated by all scholars and delegates. On the second day, a few devotees including, Mr. Lawrence Small from USA presented their views on Kashmir Shaivism. At the conclusion of the Seminar, all the scholars were felicitated by the Ishwar Ashram Trust.

Lecture by Prof. Raffele Torrella



Prof. Raffele Torella, a renowned scholar of Tantra studies and Kashmir Shaivism, delivered a lecture on *The Importance and Significance of Acharya Utpaldeva* at the Delhi Kendra of Ishwar Ashram, in the evening of Wednesday, 23rd October, 2013. Prof. Torella



Prof. Raffele Torrela delivering his lecture

is Professor of Sanskrit at the University of Rome "Sapieaza" where he has also been engaged teaching Indian philosophy and religion and ideology. He was involved in organising the first international workshop on Acharya Deva at the Indian institute for advanced study, Shimla in 2010. Prof. Torella's illuminating lecture at the Kendra was greatly appreciated by the audience which took part in a very lively interaction with the Italian scholar.

Besides Prof. Torella, other well-known scholars like as Prof. M.L. Kukiloo, Dr. Rajneesh Mishra, Dr. S.S. Toshkhani also delivered short speeches at the evening lecture. Dr. M.H. Zafar and Prof. M.L. Sar, both noted scholars in the field, were also present. The symposium concluded with a video lecture of Shaivacharya Swami Lakshmanjoo Maharaj.



A view of the audience

Seminar on Kashmir Shaivism

Ishwar Ashram Trust is organising a Seminar on Kashmir Shaivism in association with Kashmir Education, Culture and Science Society (Regd) on30th November 2013 (Saturday) from 9.00 AM to 6 PM at Lal Ded Centre, Pamposh Enclave, GK-I. Dr Karan Singh, MP and President, ICCR, shall be the Chief Guest. Eminent scholars including Dr Navjeevan Rastogi, Prof M L Kukiloo, Dr. S.S. Toshkhani, Dr. V.K. Tripathi, Dr. M.H. Zafar, Dr. S.M. Mishra, Dr. Rajneesh Mishra, and Dr. Meera Rastogi will participate and present their papers at the seminar.

One-week introductory workshop on Kashmir Shaivism

The Kashmir Shaiva Institute set up by Ishwar Ashram Trust is organising a one-week introductory workshop on Kashmir Shaivism from 1st December to 7th December 2013 at its New Delhi Kendra located at R-5, Pocket D, Sarita Vihar. This will be the inaugural program launched by the revived Shaiva Institute. This will be followed by a bhajan evening in the Ashram premises on the same date. For the entire week, selected students from all over India will study Kashmir Shaivism under the guidance of eminent scholars including Dr. Rajneesh Mishra, Dr. S.M. Mishra, Dr. Meera Rastogi, Prof. M.L. Kukiloo, Dr. S.S. Toshkhani, and Dr. M.H. Zafar. (Contact Persons Sh O.P. Dhar 9818409517, Dr Anusheel Munshi 9811883103)

❑❑

श्री कुलार्णव तन्त्र

(प्रथम उल्लास)

(आगम परंपरा के अंगभूत कौल संप्रदाय में कुलार्णव तंत्र का विशेष महत्व है। कश्मीरी त्रिक मत के परमाचार्य स्वामी राम और ईश्वरस्वरूप स्वामी लक्ष्मण जू इस विशिष्ट आगम ग्रंथ के प्रथम और नवमें उल्लास के अध्ययन पर विशेष बल दिया करते थे। प्रस्तुत अंक से हम इन दो उल्लासों का मूल पाठ तथा हिन्दी अनुवाद स्वामी जी द्वारा किए गए संशोधन सहित धारावाहिक रूप में अपने पाठकों के आध्यात्मिक लाभ के लिए दे रहे है।)

बालांश्च यौवनस्थांश्च वृद्धान् गर्भगतानपि।
सर्वानाविशते मृत्युरेवंभूतमिदं जगत् ।।45।।

45. बालकों को, जवानों को, बूढ़ों को तथा गर्भ में ठहरे हुए बच्चों को मृत्यु पकड़ता है। इसी प्रकार (नाश होने के लिए) यह जगत् बना हुआ है।

ब्रह्मविष्णुमहेशादि देवता भूतजातयः।
नाशमेवानुधावन्ति तस्माच्छ्रेयः समाचरेत ।।46।।

46. ब्रह्मा, विष्णु, शंकर आदि देवता तथा सभी प्राणि अन्त में नाश को ही प्राप्त होते हैं अतः अपनी मुक्ति के लिए यत्न करना चाहिए।

स्वस्ववर्णाश्रमाचार लङ्घनादुष्प्रतिग्रहात्।
परस्त्रीधनलोभाच्च नृणामायुःक्षयो भवेत् ।।47।।

47. अपने अपने वर्ण, आश्रम धर्म को छोड़ने से और बुरे कर्म करने से हठपूर्वक तथा पर–स्त्री और दूसरे के धन का लोभ करने से मनुष्यों की आयु कम हो जाती है।

वेदशास्त्राद्यानभ्यासात्तथैव गुरुवञ्चनात्।
नृणामायुः क्षयो भूयादिदिन्द्रयाणामनिग्रहात् ।।48।।

48. वेद शास्त्रों को न पढ़ते हुए अपने गुरुदेव को धोखा देते हुए तथा अपनी इन्द्रियों को वश न करते हुए मनुष्यों की आयु व्यर्थ ही बीत जाती है।

व्याधिराधिर्विषं शस्त्रां ना सर्पः पशवो मृगाः।
निर्वाणं येन निर्दिष्ठं तेन गच्छन्ति जन्तवः ।।49।।

49. रोग, मन, सन्ताप, विष, शास्त्र, मनुष्य, सांप, पशु, सिंह आदि जिस किसी भी प्राणी से विधाता ने मौत लिखी हो उसी के द्वारा मारे जाने पर यह प्राणी यम के घर में पहुंचते हैं।

जीवस्तृणजलौकेव देहाद्देहान्तरं व्रजेत्।
संप्राप्य परमंशेन देहं त्यजति पूर्वकम्।।50।।

50. यह जीव तृण–जन्तु (घास के कीड़े) की तरह एक देह को छोड़कर दूसरी देह में चला जाता है अर्थात् जैसे घास का कीड़ा अगले पत्ते का सहारा लेकर फिर पिछले पत्ते को छोड़ता है उसी भांति जीव भी पिछले शरीर को तब छोड़ता है जब अगले का सहारा उसे हो जाता है।

बाल्ययौवनवृद्धत्वं यथा देहान्तरादिकम्।
तथा देहान्तरप्राप्तिर्गृहाद्ग्रहमिवागतः।।51।।

51. जैसे बचपन, जवानी और बुढ़ापा भिन्न–भिन्न देह माने गये हैं उसी तरह जीव और देहों को प्राप्त होता है मानों एक घर से निकलकर दूसरे घर में चला गया हो।

जनाः कृत्वेह कर्माणि सुखदुःखानि भुंजते।
परत्रज्ञानिनो देवि! यान्त्यायांति पुनः पुनः ।।52।।

52. हे देवि ! यह मनुष्य इस लोक में कर्म करके उनके फलस्वरूप सुखों और दुःखों को परलोक में भोगते हैं। इस रीति से वे अज्ञानी जन बार–बार इस संसार में आते है और जाते हैं।

इह यत्क्रियते कर्म तत्परत्रोपभुंजते।
सिक्तमूलस्य वृक्षस्य फलं शाखासु दृश्यते ।।53।।

53. इस लोक में मनुष्य जो कर्म करता है उस का फल वह परलोक में भोगता है जैसे वृक्ष के मूल में पानी से सिंचन किया हो तो उसका फल वृक्ष की शाखाओं में देखा जाता है।

दारिद्र्यदुःखरोगाश्च बन्धनं व्यसनानि च।
आत्मापराधवृक्षस्थ फलात्येतानिदेहिनाम ।।54।।

54. दरिद्रता, दुःख, रोग, बन्धन तथा संसारी व्यसन, ये तो अपने अपराध रूपी वृक्ष के अनेक फल हैं जोकि देह–धारियों को मिलते हैं।

निसङ्.ग एव मोक्षः स्याद्दोषाः सर्वेऽपि संगजा।
सङ्.गाच्च चलते ज्ञानी चावश्यं किमुताल्पवित् ।55।

55. असंग (किसी से प्रेम न करना) होना ही मोक्ष कहलाता है। सभी दोष तो संग से ही उत्पन्न होते हैं। संग से ज्ञानी भी चलायमान होता है। अतः अल्पबुद्धि वाले का क्या कहना ही है।

संगः सर्वात्मना त्याज्यः स चेत्त्यक्तुं न शक्यते।
स सद्भिः सह कर्त्तव्यः सतां सङ्.गो हि भेषजम् ।।56।।

56. प्रथम सम्पूर्ण रूप से संग छोड़ना चाहिए। किंतु यदि वैसा न हो सके तो फिर केवल सज्जनों का संग करना चाहिए। संतों का संग तो परम औषधि है।

सत्संगश्च विवेकश्च निर्मलं नयनद्वयम्।
यस्य नास्ति नरः सोऽन्धः कथं न स्यादमार्गगः ।57।

57. जिस व्यक्ति के पास सत्संग और विवेक ये निर्मल दो नेत्रा नहीं होते हैं वह मनुष्य अन्धा है। ऐसा मनुष्य कुमार्गगामी (बुरे मार्ग पर चलने वाला) क्यों नहीं होगा।

यावतः कुरुते जन्तुः संबन्धान्मनसः प्रियान्।
तावन्तोऽस्य निखन्यन्ते हृदये शोकशङ्.कवः ।58।

58. जब तक कि मनुष्य अपने मन को प्रिय लगने वाले विषयों के साथ संबंध करता है तब तक शोक रूपी गिद्ध इसके हृदय को विदीर्ण करते (काटते) रहते हैं।

स्वदेहमपि जीवोऽयं त्यक्त्वा याति कुलेश्वरि।
स्त्रीमातृपितृपुत्रदि सम्बन्धः केन हेतुना ।।59।।

59. हे कुलेश्वरी ! अपने प्रिय शरीर को भी यह जीव छोड़ जाता है फिर भला इस जीव को अपनी स्त्री, माता, पिता तथा पुत्रों के साथ संबंध ही क्या है।

दुःखोमूलो हि संसारः स यस्यास्ति स दुःखितः।
तस्य त्यागः कृतो येन स सुखी नापरः प्रिये ।।60।।

60. हे देवि ! यह संसार दुःखों का मूल है – अतः जिस संसार है वही दुःखी है और जिसने इस संसार को छोड़ दिया वही सुखी है, अन्य कोई सुखी नहीं।

प्रभवं सर्वदुःखानामाश्रयं सकलापदाम्।
आलयं सर्वपापानां संसारं वर्जयेत्प्रिये ।।61।।

61. हे देवी ! सभी दुःखों को उत्पन्न करना वाला, सभी आपदाओं का आश्रय तथा समस्त पापों का घर यह संसार छोड़ना चाहिए।

अबन्धबन्धनं घोरमस्वीकृत महाविषम्।
अशस्त्रखण्डनं देवि संसारासक्तचेतसाम् ।।62।।

62. हे देवी ! जिन व्यक्तियों का मन संसार में लगा हुआ है उन्हें बन्धनों के बिना घोर बन्धन हो जाता है। उन्हें मीठे स्वाद वाले भयंकर विष की प्राप्ति होती है और उन्हें शस्त्र के प्रहारों के बिना ही भयंकर छेदन होता है।

आदिमध्यावसानेषु दुःखं सर्वमिदं यतः।
तस्मात्सन्त्यज्य संसारं तत्त्वनिष्ठः सुखी भवेत् ।63।

63. जिस कारण से आदि, मध्य और अन्त में यह समस्त जगत् दुःख–स्वरूप ही है। अतः इस संसार को छोड़कर स्वात्म–स्थिति प्राप्त करके सुखी बनाना चाहिए।

लोहदारुमयैः पाशैर्दृढं बद्धो विमुच्यते।
स्त्रीधनादिषु संसक्तो मुच्यते न कदाचन।।64।।

64. लोहे तथा पीतल की जंजीरों से अच्छी तरह बंधा हुआ पुरुष भी समय आने पर उससे छूट संकता है पर स्त्री तथा धन आदि विषयों में आसक्त बना हुआ व्यक्ति कभी भी उनसे नहीं छुटता।

कुटुम्बचिन्तासक्तस्य कुतः सत्त्वादयो गुणाः।
अपकं भुंजमानस्य नश्यन्त्यङ्.गानि केवलम् ।।65।।

65. अपने कुटुम्ब की चिन्ता में लगे हुए पुरुष को सत्तोगुण–प्राप्ति की संभावना ही कहां हो सकती है। जैसे कच्चा अन्न खाने से अंग की पुष्टि बनने के प्रतिकूल सभी अंग ढीले पड़ जाते हैं।

वान्छिताशेषचिन्तस्थैर्नित्यं लोको विनाशितः।
हा हन्त विषयाहारैर्देहस्थेन्द्रियतस्करैः ।।66।।

66. बड़ा दुःख है कि जिन विषय–भोगों को यह संसारी जन सर्वभाव से मन में चाहते रहते हैं उन्हीं विषय–भोगों से देह में स्थित इन्द्रिय रूपी चोरों के द्वारा यह जीव सदा के लिए लुटाया जाता है और मारा जाता है।

मांसलुब्धो यथा मीनो लौहशङ्कुं न पश्यति।
सुखलुब्धस्तथा देही यमबाधां न पश्यति ।।67।।

67. जैसे मांस की चाहत रखने वाली मछली लोहे के कांटे की ओर ज़रा भी ध्यान नहीं देती, उसी तरह सुख की इच्छा रखने वाला जीव विषय भोगते यमराज की पीड़ा को (मृत्यु के समय को) भूल जाता है।

हिताहितं न जानन्ति नित्यमुन्मार्गगामिनः।
कुक्षिपूरणनिष्ठा ये तेऽबुधा नारकाः प्रिये ।।68।।

68. हे प्रिय पार्वती ! जो पुरुष हित ओर अहित की ओर ध्यान नहीं देते, जो सदा कुमार्गगामी होते हैं और जो केवल पेट भरने में ही लगे हैं वे मूर्ख अन्त में नरक में चले जाते हैं।

निद्रादिमैथुनाहाराः सर्वेषां प्राणिनां समाः।
ज्ञानवान्मानवः प्रोक्तो ज्ञानहीनः पशुः प्रिये ।।69।।

69. हे प्रिये ! निद्रा, विषय–भोग और भोजन करना ये तीनों सभी प्राणियों में समान ही हैं, केवल इतना ही अन्तर है कि मनुष्य को इन तीन के अलावा ज्ञान भी होता है। अब जो मनुष्य ज्ञान से रहित हैं वे पशुओं के तुल्य ही हैं।

प्रभाते मलमूत्राभ्यां क्षुत्तृड्भ्यां मध्यगे रवौ।
रात्रौ मदननिद्राभ्यां बाध्यन्ते मानवाः प्रिये ।।70।।

70. हे देवि ! प्रभात के समय मल मूत्र–त्याग की क्रिया से, दिन में भूख तथा प्यास की क्रिया करने से और रात्रि में निद्रा तथा भोग भोगने से मनुष्य (इसी व्यवहार में) बन्धे रहते हैं।

स्वदेहधनदारादिनिरताः सर्वजन्तवः।
जायन्ते च म्रियन्ते च हा हन्ताज्ञानमोहिताः ।।71।।

71. सभी प्राणी अपनी देह, धन और स्त्री आदि की प्राप्ति में ही लगे रहते हैं। ये पुरुष इस संसार में जन्म भी लेते हैं और मरते भी हैं। बड़ा खेद है कि ये जीव अज्ञान द्वारा ही मोहित बने हैं।

स्वस्ववर्णाश्रमाचारनिरताः सर्वजन्तवः।
न जानन्ति परं तत्त्वं मूढ़ा नश्यन्ति पार्वति ।।72।।

72. हे पार्वती ! अपने अपने वर्णाश्रम धर्म के पालन करने में सभी प्राणी लगे हुए हैं किन्तु परमेश्वर के स्वरूप को नहीं समझ सकते हैं। ऐसे प्राणी व्यर्थ ही नष्ट हो जाते हैं।

क्रियायासपराः केचित् व्रतचर्यादिसंयुताः।
अज्ञानसंवृतात्मानः सन्चरन्ति प्रतारकाः ।।73।।

73. इस संसार में कई जन तो महान् क्रियाओं के करने में तत्पर बड़े बड़े यज्ञों के करवाने के कार्य में लगे होते हैं। ऐसे पुरुष जहां स्वयं अज्ञान से दग्ध बने हुए हैं वहां दूसरे जनों को अपना गौरव दिखलाकर ठगते हैं।

नाममात्रेण सन्तुष्टाः कर्मकाण्डरता नराः।
मंत्रोच्चारणहोमाद्यैर्भ्रामिताः क्रतुविस्तरैः ।।74।।

74. कई जन तो ऐसे है कि लोगों में विख्यात् होने पर ही अपने को कृतकार्य समझते हैं। ऐसे पुरुष तो कर्मकाण्ड में लगे हुए हवन आदि कर्मों में मन्त्र का उच्चारण करते हुए इन्हीं हवन आदि कार्यों में भ्रमित हुए हैं।

एक भुक्तोपवासाद्यैर्नियमैः कायशोषणैः।
मूढ़ा परोक्षमिच्छन्ति तवमायाविमोहिताः ।।75।।

75. आप (ईश्वर) की माया से विमोहित बने हुए मूर्ख जब एकमात्र भक्त वन कर उपवास आदि, जो केवल शरीर को सुखाने वाले व्रत हैं, करके मोक्ष की इच्छा रखते हैं ।

देहदण्डनमात्रेण का मुक्तिरविवेकिनाम्।
वल्मीकताडनाद्देवि मृतः किन्न महोरगः ।।76।।

76. देह को कष्ट देने से ही अविवेकी मनुष्यों को कौन सी मुक्ति प्राप्त हो सकती है। हे देवि ! सर्प के बिल की उभरी हुए मिट्टी को पीटने से क्या अन्दर बिल में ठहरे हुए सांप की भी मृत्यु हो सकती है ? कदापि नहीं।

धनाहारजिने युक्ता दाम्भिका वेशधारिणः।
भ्रमन्ति ज्ञानिवल्लोके भ्रामयन्ति जनानपि ।77।।

77. कई कपटी मनुष्य साधुओं के वेश को धारण करते हुए वास्तव में धन तथा आहार के कमाने में लगे हैं पर वे ज्ञानियों की तरह घूमते फिरते हैं और अपने पीछे औरों को भी भ्रमित करते हैं।

सांसारिकसुखासक्तं ब्रह्मज्ञोऽस्मीति वादिनम्।
कर्मब्रह्मो भयभ्रष्टं तं त्यजेदन्त्यजं यथा ।।78।।

78. एक ओर तो सांसारिक सुखों में लगा है और दूसरी ओर कहता है कि मैं ब्रह्मज्ञानी हूं, ऐसा पुरुष तो ब्रह्म–मार्ग तथा कर्म–मार्ग, दोनों से गिरा हुआ है अतः चमार की भान्ति इसे त्यागना चाहिए।

गुहारण्यसमा लोके गतव्रीड़ा दिगम्बराः।
चरन्ति गर्दभाद्याश्च योगिनस्ते भविन्त किम् ।।79।।

79. कई जन तो वनों तथा कन्दराओं में निर्लज होकर वस्त्रों से रहित होकर फिरते हैं। ऐसे तो गधे भी फिरते रहते हैं। यदि यही लक्षण योगी का मानें तो क्या गधे भी योगी ही हैं।

मृदस्मग्रक्षणाद्देवि मुक्ताः स्युर्यदि मानवाः।
मृदस्मवासी नित्यंश्वा स किं मुक्तो भविष्यति।।80।।

80. हे देवि ! यदि मनुष्य मिट्टी तथा राख को मलने से ही मुक्त हो जाते तो सदा मिट्टी और भस्म में ठहरा हुआ कुत्ता क्या मुक्त हो जायेगा।

तृणपर्णोदकाहाराः सततं वनवासिनः।

हरिणादि मृगा देवि तापसास्ते भवन्ति किम् ।।81।।

81. हे दवि ! कई लोग तो केवल घास, पत्ते तथा जल की आहार करते हैं और सदा वनों में ही ठहरते हैं। यदि इसी क्रिया से वे तपस्वी माने जायें तो हिरण आदि पशु भी जंगलों में पत्ते ही खाते हैं ! क्या वे भी तपस्वी ही माने जायेंगे ?

आजन्ममरणान्तंच गंगादितटिनीस्थिताः।
मण्डूकमत्स्य प्रमुखा व्रतिनस्ते भवन्ति किम् ।।82।।

82. कई तो जन्म से लेकर मृत्यु तक गंगा आदि तटों में ही निवास करते हैं। यदि वही व्रतेश्वर माने जाएं तो फिर गंगा–तट–वासी मेंढ़क तथा मछलियां क्यों नहीं व्रत–धारी मानी जायें।

वदन्ति ह्वदयानन्दं पठन्ति शुकशारिकाः।
जनानां पुरतो देवि विबुधाः किं भवन्ति ते ।।83।।

83. कई जन तो लोगों की सभाओं में अनोखे ढंग से ह्वदय में स्थित स्वात्म–आनन्द की व्याख्यान करते रहते है। इसी भांति तोता, मैना आदि भी बोलते रहते हैं। इससे क्या वे पक्षी भी ज्ञानी जाने जायेंगे।

पारावताः शिलाहाराः परमेश्वरि ! चातकाः।
न पिबन्ति महीतोयं योगिनस्ते भवन्ति किम् ।।84।।

84. हे परमेश्वरी ! चातक पक्षी तो पर्वतों की चट्टानों का ही आहार करते हैं और कभी भी पृथ्वी का जल नहीं पीतें। क्या उन पक्षियों को भी योगी माना जा सकता है।

शीतवातातपसहा भक्ष्याभक्ष्य समाः प्रिये।
तिष्ठन्ति सूकराद्याश्च योगिनस्ते भवन्ति किम् ।85।

85. हे प्रिय पार्वती ! कई जन तो शीत वायु तथा सूर्य की गरम किरणों को सहते हैं और रोटी मिले या न मिले वे प्रसन्न रहते हैं, और इस प्रकार समभाव से रहते हैं। यदि यही योग का लक्षण है तो फिर सुअर भी इसी तरह सब कुछ सहते हैं तो क्या वे भी योगी माने जायेंगे।

तस्मादित्यादिकं कर्म लोकरंजनकारकम्।
मोक्षस्य कारणं साक्षात्तत्वज्ञानं कुलेश्वरि! ।।86।।

86. इसलिए ऐसे कर्म करने वाले, लोगों को ठगने के लिए ढोंग रचाते हैं। पर हे कुलेश्वरि ! मोक्ष का एक मात्र उपाय केवल तत्त्वज्ञान है।

षड्दर्शनमहाकूपे पतिताः पशुवः प्रिये।
परमार्थं न जानन्ति पशुपाशनियन्त्रिताः ।87।।

87. षड्दर्शन रूपी गहरे कुएं में ये मूर्ख जीव गिरे हुए हैं। हे देवि ! ये पुरुष जीव–पाश में फंसे हुए परमार्थ की चर्चा को ज़रा भी नहीं जानते।

वेदशास्त्रर्णवे घोरे उह्यमाना इतस्ततः।
कालोर्मिग्राहग्रस्ताश्च तिष्ठन्ति हि कुतार्किकाः ।88।

88. अपने आपको ज्ञानी समझने वाले वे मूर्ख बड़े अथाह भयंकर वेद–शास्त्र रूपी समुद्र में गोते मारते रहते हैं और वे षड्शास्त्र रूपी मगरमच्छ द्वारा खाये गये सदा कुतर्क ही करते रहते हैं।

वेदागमपुराणज्ञः परमार्थं न वेत्ति यः।
विड़म्बकस्य तस्यापि तत्सर्वं काकभाषितम् ।।89।।

89. जो वेदों, तन्त्रों तथा पुराणों को जानता हुआ भी परमार्थ नहीं जानता है, उस ठग, धूर्त का वह सारा पढ़ना पढ़ाना काक भाषण (कौए की बोली) के बराबर ही व्यर्थ (फजूल) है।

इदं ज्ञानमिदं ज्ञेयमिति चिन्तासमाकुलाः।
पठन्त्यहर्निशं देवि परतत्त्वपराड्मुखाः ।।90।।

90. हे देवि ! यह ज्ञान है और यह ज्ञेय (पदार्थ) है। इसी चिंता में वे लोग दिन रात लगे रहते हैं और पढ़ते रहते हैं। किन्तु इतना करने पर भी वे जन तत्त्वदृष्टि से तो परमेश्वर के स्वरूप से विमुख ही बने हैं।

वाक्यच्छन्दोनिबन्धेन काव्यालङ्कारशोभिताः।
चिन्तया दुःखिता मूढास्तिष्ठन्ति व्याकुलेन्द्रियः ।91।

91. वाक्य तथा छन्दों को बनाने से तथा काव्य और अलंकारों की रचना से वे जन शोभायमान बने हुए होकर भी मूर्ख बन कर सदा व्याकुल इन्द्रियों से युक्त इसी चिन्ता में दुःखी रहा करते हैं कि कैसे (हमारे) छन्द तथा काव्य निर्दोष बनें।

अन्यथा परमं तत्त्वं जनाः किल्श्यन्ति चान्यथा।
अन्यथा शास्त्रसद्भावो व्याख्यां कुर्वन्ति चान्यथा ।92।

92. परमतत्व तो एक प्रकार से है पर लोग उसे दूसरे प्रकार समझने का प्रयास करते हैं। शास्त्रों का वास्तव में कुछ और ही अर्थ होता है किन्तु लोग उनकी व्याख्या कुछ और ही करते हैं।

(शेष अगले अंक में)

श्रीभट्टकल्लटवृत्तिसहिता

स्पन्दकारिका

— प्रो. नीलकंठ गुरुटू —

(संस्कृत तथा कश्मीर शैव दर्शन के शीर्षस्थ विद्वान प्रो. नीलकंठ गुरुटू का कुछ वर्ष पूर्व देहावसान हो गया। प्रस्तुत है ''स्पन्दकारिका'' के उनके हिंदी अनुवाद की अंतदृष्टिपूर्ण भूमिका के प्रमुख अंश ।)

देवि प्रपन्नवरदे गुणगौरि गौरि
यद्गौरियं परिमितं स्रवतीह किंचत्।
तत्स्वामिने समुचिते समये सुपाक–
माकूतवेदिनि निवेदयितुं प्रसीद।।

(कश्मीरिक श्रीजगद्धर भटट्)

कई वर्ष पहले एक दिन अकस्मात् भगवत्पाद के द्वारा, ईश्वराश्रम ('ईशबर' श्रीनगर–कश्मीर) में नियमित रूप से चलनेवाली रविवासरीय बैठकों में श्री भटट्कल्लट की वृत्ति के सहित स्पन्द–सूत्र को पढ़ाने का आदेश मिला। आदेश सुनते ही अन्तर्हृदय में किसी अननुभूतपर्व धड़कन का आभास होने लगा। ऐसी बात नहीं थी कि इन बैठकों में कोई शैव ग्रंथ पढ़ाने का यह पहला अवसर था, परन्तु भगवत्पाद के सामने स्पन्दसूत्र जैसे गम्भीर एवं अनुभूतिपरक विषय पर कुछ कहना मुझ जैसे अनाड़ी के लिए हृत्कम्प का कारण बन जाना स्वाभाविक ही था। अस्तु, आदेश तो आदेश ही था। इसमें अपनी स्वीकृति या अस्वीकृति का कोई प्रश्न ही नहीं उठता था। बिल्कुल आदेशानुसार कार्य आरम्भ करना पड़ा। कुछेक शैवग्रन्थों का स्पन्द के परिपेक्ष्य में फिर से अध्ययन करना पड़ा, परन्तु यथार्थ तो यह है कि इन सारे प्रयत्नों को आगे बढ़ाने में, भगवत्पाद की दयादृष्टि का सबल संबल ही मूल प्रेरणादायक तत्व था। यह संबल भी किसी अलक्षित रूप में स्वयं ही प्राप्त होता रहा।

मन में, इसी बीच अकस्मात् एक दिन यह संकल्प उठा कि संस्कृत भाषा से अनभिज्ञ परन्तु सत्शास्त्रों में रुचि रखने वाले पाठकों के लिए, मूलसूत्रों और वृत्ति का हिन्दी अनुवाद प्रस्तुत किया जाए। अपने कई हितैषी मित्रों के समक्ष इस संकल्प को अभिव्यक्त किया। प्रत्युत्तर में उन्होंने इस दिशा में तुरन्त आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और साथ ही यह सुझाव भी दिया कि मूलग्रंथ के भाषानुवाद के साथ–साथ हर एक सूत्र पर अलग–अलग विवरण भी लिखा जाए ताकि रुचिसम्पन्न पाठकों को सूत्रों के साथ संबंध रखने वाली शैव मान्यताओं को समझने में सहायता मिले। मित्रवर्ग के इस सहानुभूतिपूर्ण आग्रह को भी टालते न बना।

संभवतः इतनी सी पूर्वपीठिका से यह बात स्वयं स्पष्ट हो जाती है कि प्रस्तुत प्रयास शैवशास्त्र के धुरन्धर एवं उद्भट विद्वानों के लिए कोई अर्थ नहीं रखता है। एक लघु दीपक मध्याह्न के प्रखर सहस्रकिरण को क्या प्रकाश दे सकता है? तथापित मन में इस बात का पूर्ण विश्वास है कि इसको देखकर कम से कम उनके मन में निराशा के भाव का उदय नहीं होगा क्योंकि वर्तमान युग के चतुर्दिक् क्षुब्ध वातावरण में मानवमात्र को हार्दिक शान्ति प्रदान करने वाली इस भारतीय पूर्वजों की थाती को आगे बढ़ाने की दिशा में जितना भी और जो कुछ भी किया जाए बहुत कम है। फलतः यदि उलिखित बन्धुवर्ग को प्रस्तुत प्रयास के द्वारा अल्पमात्रा में भी हार्दिक संतोष प्राप्त होगा तो वह परमेश्वर शक्तिपात का ही अलौकिक चमत्कार समझा जायेगा।

स्पन्द–सूत्रों का वर्ण्य विषय सततस्पन्दमयी पारमेश्वरी विमर्श शक्ति होने के कारण, प्रस्तुत अनुवाद–कार्य ईश्वराश्रम में रहने वाली तपस्विनी शारिकादेवी के ही एक जन्म–दिवस पर आरंभ करके, दो वर्षों के पश्चात् आने वाले दूसरे जन्मदिवस के अवसर पर, समाप्त भी किया गया। इस पुनीत दिवस पर जहां

आश्रम में आने वाले भक्तजन, भगवती के सामने स्वादिष्ट मिष्ठानों के ढेरों के ढेर एकत्रित कर लेते हैं, वहां किसी रिक्त कोने में अकिंचन की यह तुच्छ भेंट भी शायद अपना स्थान बनाने में सफल होगी।

स्पन्द–सम्प्रदाय

कश्मीर के सभी शैव क्षेत्रों में, प्राचीनकाल से ही चली आ रही एक जनश्रुति के अनुसार, नवीं शताब्दी ईस्वी से पहले की कई शताब्दियां, यहां के दार्शनिक संसार का अंधकार युग माना जाता है। इस समय में नागबोधि जैसे प्रचण्ड बौद्ध आचार्यों और अन्य मतावलम्बियों ने यहां के दार्शनिक क्षेत्र में द्वैत–मूलक सिद्धान्तों की स्थापना करके सर्वसाधारण जनता को वास्तविकता से बहुत दूर ले जाकर, भ्रान्ति के गडढ़े में ढकेल दिया था। ऐसी अवस्था में पड़े हुए लोगों का उद्धार करने की इच्छा से, अनुग्रहैकमूर्ति भगवान् भूतनाथ ने वसुगुप्त नामक सिद्ध को स्वप्नदशा में स्वयं दीक्षित करके महादेव पर्वत की तलहटी (वर्तमान दाछीगाम) में विद्यमान एक उपल (वर्तमान शंकर–पल) पर उत्कीर्ण, अद्वैत शैव–सिद्धान्त के सूत्रों का पता बता दिया और उनमें अन्तर्निहित रहस्य को भी समझा दिया। साथ ही यह आदेश भी दिया कि वह वहां से उन सूत्रों का संग्रह करके, उनमें निहित रहस्य को अन्धकारवृत लोगों को समझाकर, उनका उद्धार करें। सिद्ध वसुगुप्त ने भगवान् के आदेशानुसार वहां से उन सूत्रों का संग्रह किया और श्री भट्टकल्लट आदि सत्–शिष्यों को उनका यथावत् अध्ययन भी कराया। साथ ही स्वयं उन सूत्रों में वर्तमान, शक्तिमान् और शक्ति के पूर्ण अभेद सिद्धान्त का सार, इक्यावन कारिकाओं में संग्रहित भी किया। आगे चलकर उन्हीं इक्यावन कारिकाओं को स्पन्दकारिका, स्पन्दसूत्र या शक्तिसूत्र की संज्ञा दी गई।

श्री भट्टकल्लट ने परतत्तव की विमर्शप्रधानता के सिद्धान्त का अपनाकर इन स्पन्दसूत्रों पर अपनी वृत्ति लिखी और स्पन्द–सम्प्रदाय का शिलान्यास किया। ऊपर उल्लेख किया गया है कि सिद्ध वसुगुप्त के द्वारा अद्वैत शैवदर्शन का पुनरुद्धार हुआ। वास्तव में उस समय इस दर्शन का दूसरी बार पुनरुद्धार हुआ। सिद्ध वसुगुप्त से पहले बहुत प्राचीनकाल में भी प्रतिकूल विचारधाराओं के प्रचण्ड प्रहारों से इसका उच्छेद हो चुका था। इस काल में भी भगवान आशुतोष ने अंधकार में पड़े हुए लोगों का उद्वार करने की इच्छा से श्रीकण्ठ की मूर्ति धारण करके, भगवान दुर्वासा के द्वारा इसका पुनरुद्धार करवाया था। इस घटना का उल्लेख भगवान अभिनवगुप्त ने अपने तंत्रालोक के प्रथम आह्निक में विस्तारपूर्वक किया है।

स्पन्द–सम्प्रदाय का उपलब्ध साहित्य

जिस प्रकार सिद्ध वसुगुप्त के अनन्तर श्रीसोमानन्द और उसकी शिष्य–परम्परा ने एक से बढ़कर एक स्वतन्त्र ग्रन्थों की रचना करके विशाल प्रत्यभिज्ञा–साहित्य की सर्जना की, उस प्रकार स्पन्द–सम्प्रदाय में ऐसे किसी मौलिक लेखक का नाम नहीं मिलता है जो इस विषय पर स्पन्दकारिका के अतिरिक्त अन्य किसी स्वतन्त्र ग्रन्थ की रचना करता। इसका कारण क्या है, यह कुछ समझ में नहीं आता है। यह सोचना भी गलत है कि ऐसे ग्रन्थ लिखे तो गए होंगे परन्तु बाद में राजनैतिक विषमताओं के कारण काल–कवलित हो गए। यदि ऐसा ही हुआ होता तो प्रत्यभिज्ञा–साहित्य या शैवदर्शन के दूसरे प्राचीन आगम–ग्रन्थ या स्वयं स्पन्दसूत्र ही उन विषमताओं के कठोर प्रहारों से कैसे बच सकते? अतः स्पष्ट है कि स्पन्द विषय पर सिद्ध वसुगुप्त के अनन्तर, स्पन्द–कारिकाओं के अतिरिक्त, कोई मौलिक ग्रन्थ नहीं लिखा गया। इस विचार में भी कोई सार नहीं दिखता कि कश्मीर में अधिकतर संख्या शैवों की ही रही है, शाक्तों की नहीं। आजकल भी यहां शाक्त–क्रम पर चलने वाले लोगों की कमी नहीं है। फिर इसमें क्या कारण हो सकता है, यह स्वयं शिवभट्टारक ही जानते हैं।

स्पन्द–सूत्रों पर बहुत सी वृत्तियां या टीकाएं अवश्य लिखी गई। इनमें से कई आज भी उपलब्ध हैं और कईयों का केवल उल्लेख मिलता है। अभिनवगुप्तपाद के प्रधान शिष्य श्री क्षेमराजाचार्य ने अपने स्पन्द–निर्णय में अनेकों विवृतियों का उल्लेख किया हैं –

'यद्यप्यस्मिन विवृतिगणना विद्यते नैव शास्त्रे'।।

उन्होंने विशेषतः सूत्रांक 17 और 18 की व्याख्या में भट्टलोल्लट की वृत्ति और अन्य टीकाकारों की टीकाओं का उल्लेख किया है। ये वृत्तियां या टीकाएं उनके समय में उपलब्ध रही होगी, परन्तु दुर्भाग्य से आजकल उपलब्ध नहीं

है। आजकल जो वृत्तियां या टीकाएं उपलब्ध हैं उनका ब्यौरा निम्नलिखित प्रकार से है–

1. श्री भट्टकल्लट की **स्पन्दकारिकावृत्ति**। पाठकों के हाथों में इसी वृत्ति का भाषानुवाद है।
2. श्री क्षेमराज का **स्पन्द–सन्दोह**। यह केवल पहले की स्पन्द–सूत्र पर लिखी गई एक विस्तृत टीका है और इसी में अन्य सारे सूत्रों का सार संगृहीत किया गया है।
3. श्री क्षेमराज का ही **स्पन्द–निर्णय**। इसमें सारे स्पन्द–सूत्रों पर अलग–अलग टीका लिखी गई है।
4. श्री रामकंठ की **स्पन्दकारिका–विवृति**। यह विवृति श्री भट्टकल्लट की वृत्ति का आशय पूर्णतया प्रकाश में डालने के अभिप्राय से लिखी गई है।
5. श्री उत्पल (वैष्णव) की **स्पन्द–प्रदीपिका**। यह भी सारे स्पन्द–सूत्रों पर लिखी गई विस्तृत टीका है। श्री उत्पल (वैष्णव) के विषय में यह ध्यान में रखना आवश्यक है कि यह व्यक्ति ईश्वरप्रत्यभिज्ञा के लेखक भगवान् उत्पलदेव से भिन्न कोई दूसरा व्यक्ति था।

इस उपलब्ध साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन करने से यह तथ्य भली–भांति समझ में आता है कि इन टीकाकारों में बहुधा पारस्परिक मतभेद और दृष्टिकोणों की भिन्नता रही है। प्रत्येक लेखक ने किसी विशेष आध्यात्मिक दृष्टिकोण को अपनाकर ही सूत्रों की व्याख्या की है।

सिद्ध वसुगुप्त और श्री भट्टकल्लट का समय

इसमें ने तो किसी प्रकार का खेद है और न कोई आश्चर्य कि इन दोनों सिद्ध पुरुषों ने अपने जीवनवृत्त या वंशावली के विषय में कहीं कुछ भी नही लिख है, क्योंकि ऐसा करने में इन्होंने विशुद्ध भारतीय मर्यादा का ही पालन किया है। परवर्ती लेखकों ने भी इनके विषय में जितना उल्लेख किया है उससे केवल इतना ज्ञान होता है कि अर्वाचीन शैवक्षेत्र इन सिद्ध गुरुओं के रूप में स्मरण करते आए हैं। क्षेमराजाचार्य ने स्पन्द–निर्णय के उपोद्घात में उल्लिखित जनश्रुति का उल्लेख करने के अवसर पर, जहां सिद्ध वसुगुप्त का मात्र नाम निर्देश किया है वहां श्री भट्टकल्लट की प्रासांगिक चर्चा भी नहीं की है। आचार्य जी ने केवल शिवसूत्र विमर्शिनी के उपोद्घात में सिद्ध वसुगुप्त को महामाहेश्वर सिद्धगुरु और श्री भट्टकल्लट को उनके अन्यतम शिष्य के रूप में स्वीकार किया है। इसके प्रतिकूल कश्मीर के प्रसिद्ध इतिहासकार कल्हण ने अपनी राजतरंगिणी में, मुख्य रूप में, श्री भट्टकल्लट का ही नाम लेकर, उसके समकालीन अन्य सिद्धों का 'आदि' शब्द से गौणरूप में ही निर्देश किया है।

अनुग्रहाय लोकानां भट्टश्रीकल्लटादयः।
अवन्तिवर्मनः काले सिद्धा भुवमवातरन्।।

(राजतरंगिणीः 5,66)

इन दोनों के अतिरिक्त दूसरे शैव लेखकों ने भी अपनी कृतियों में इन दोनों का, गुरु और शिष्य के रूप में, केवल नामोल्लेख किया है। अतः इस विषय में तब तक मौन का आश्रय लेना ही श्रेयस्कर है जब तक इस पर अलग शोध न किया जाए।

जहां तक इन दोनों के समय का संबंध है, हमें श्री कल्हण का परम आभार स्वीकार करना चाहिए, क्योंकि उन्होंने इस समस्या का समाधान करके रखा है। कभी ऊपर जो राजतरंगिणी का पद्य उद्धृत किया गया है उसके अनुसार श्री भट्टकल्लट और अन्य कई सिद्धों ने, लोगों पर अनुग्रह करने के लिए, कश्मीर के प्रसिद्ध राजा अवन्तिवर्मन के शासनकाल में पृथिवी पर अवतार लिया था। श्री कल्हण ने राजतरंगिणी के ही एक अन्य पद्य में अवन्तिवर्मन् के राज्याधिरोहण का काल लौकिक संवत् 2900 बताया है। श्लोक इस प्रकार है –

एकोनत्रिंशे वर्षेऽथ प्रजाविप्लवशान्तये।
विनिवार्योत्पलापीडं तमेव नृपतिं व्यधात्।।

यह संवत् श्री स्टैन महोदय की गणना के अनुसार ईस्वी 855/56 बैठता है। अवन्तिवर्मन् का राज्यकाल 39 वर्ष का रहा है अतः ईस्वी सन् 886/87 अवन्तिवर्मन् के समय की अपर सीमा है। सिद्ध वसुगुप्त और श्री भट्टकल्लट आपस में गुरु और शिष्य रहे हैं। अतः उनके समकालीन होने में तनिक भी संशय नहीं। दूसरी ओर कल्हण ने श्री भट्टकल्लट को सिद्ध के रूप में स्मरण

किया है। उसको सिद्धावस्था प्राप्त करने में कम से कम पचास वर्ष तो लगे होंगे। अतः यदि उनके प्रादुर्भाव का समय नवीं शताब्दी का आरंभ माना जाए तो सिद्ध वसुगुप्त के प्रादुर्भाव का समय बीस वर्ष प्रति पीढ़ी के हिसाब से पीछे लेकर आठवीं शताब्दी का उत्तरार्ध मानना युक्तियुक्त होगा।

स्पन्द–सूत्रों का वास्तविक लेखक

इस संबंध में भी प्राचीनकाल से ही यहां के शैव आचार्यों में पारस्परिक मतभेद चलता आ रहा है। आज तक भी यह प्रश्न विवादग्रस्त ही है और इसका कोई निश्चित एवं संतोषजनक समाधान प्राप्त नहीं हो सका है। कई आचार्यों के विचार में मूल सूत्रों की रचना स्वयं सिद्ध वसुगुप्त ने ही की है और भट्टकल्लट ने गुरु की सूत्रात्मक भाषा का आशय समझाने के लिए इन पर वृत्ति लिखी है। आज तक भी यहां के शैव क्षेत्रों में बहुमत इसी मान्यता का समर्थन कर रहा है। इसके प्रतिकूल कई आचार्यों का मत यह है कि मूलसूत्रों की रचना श्री भट्टकल्लट ने की है और अपनी ही भाषा का अभिप्राय स्पष्ट करने के लिए इन पर स्वयं ही वृत्ति भी लिखी है।

इस दूसरी मान्यता के समर्थकों में स्पन्द प्रदीपिका के लेखक श्री उत्पल (वैष्णव) और शिवसूत्रवार्त्तिक के लेखक श्री भास्कराचार्य प्रमुख है। श्री उत्पल का कथन है कि श्री भट्टकल्लट को तत्वदर्शी गुरु वसुगुप्त से यह रहस्य मिला और उसने इसको श्लोकबद्ध किया –

वसुगुप्तादवाप्येदं गुरोस्तत्वार्थदर्शिनः।
रहस्यं श्लोकयामास सम्यक् री भट्टकल्लटः।।

श्री भास्कराचार्य ने, अपने शिवसूत्रवार्त्तिक के उपोद्घात में पूर्वोक्त जनश्रुति का उल्लेख करते हुए, अपनी यह मान्यता प्रस्तुत की है कि प्राचीन समय में गुरु वसुगुप्त को किसी सिद्ध के आदेश से महादेव पर्वत पर शिवसूत्र मिले थे। उसने वे सूत्र और उनका रहस्य श्री भट्टकल्लट को दे दिया। सूत्र चार खण्डों में विभक्त थे। श्री भट्ट ने इदनमें से पहले तीन खण्डों की व्याख्या अपने स्पन्द–सूत्रों में और अन्तिम खण्ड की व्याख्या अपनी 'तत्त्वार्थचिन्तामणि' नामक टीका में की। श्री भास्कराचार्य के शब्द इस प्रकार है –

श्रीमन्महादेवगिरौ वसुगुप्तगुरोः पुरा।
सिद्धादेशात्प्रादुरासन् शिवसूत्राणि तस्य हि।।
सरहस्यान्यतः सोऽपि प्रदाद्भट्टाय सूरये।
श्री कल्लटाय सोऽप्येवं चतुःखण्डानि तान्यथ।।
व्याकरोत्त्रिकमेतेभ्यः स्पन्दसूत्रैः स्वकैस्ततः।
तत्त्ववार्थचिन्तामण्याख्यटीकया खण्डमन्तिमम्

(शिवसूत्रवार्त्तिक उपोद्घात)

श्री उत्पल (वैष्णव) और श्री भास्कर की इस मान्यता का आधार क्या है, इसका कहीं उल्लेख नहीं मिलता है और न इन्होंने स्वयं ही इस विषय में कुछ कहा है।

श्री क्षेमराजाचार्य का मत है कि सूत्रों की रचना स्वयं सिद्ध वसुगुप्त ने ही की है। उन्होंने अपनी इस मान्यता को स्पन्दनिर्णय के अन्त में अपनी ओर से जोड़े हुए एक पद्य में अभिव्यक्त किया है। वह पद्य इस प्रकार है –

लब्ध्वाप्यलभ्यमेतज्ज्ञानधनं हृद्गुहान्तकृतनिहितेः।
वसुगुप्तवच्छिवाय हि भवति सदा सर्वलोकस्य।।

(स्पन्दनिर्णय 4,2)

जहां तक श्री रामकण्ठाचार्य की विवृत्ति का संबंध है उससे भी, पाठक को, किसी अन्तिम एवं निश्चित निर्णय पर पहुंचने में कोई सहायता नहीं मिलती है। यहां के रिसर्च कार्यालय द्वारा प्रकाशित विवृति (संवत् 1969 संस्करण) के पृष्ठांक 3 पर उल्लिखित 'केनापि ग्रथितां प्रसारणधिया' इत्यादि उपोद्घातात्मक पद्य में श्रीरामकण्ठाचार्य ने सूत्रावली का ग्रंथन करने वाले किसी निश्चित व्यक्ति का नाम नहीं लिया है। इसी पद्य पर लिखी हुई टिप्पणी में स्पष्ट शब्दों में लिखा हुआ है कि श्री वसुगुप्तपाद ने ही सर्वप्रथम सूत्रावली की रचना की है – 'प्रथमं वसुगुप्तपादैः सूत्रावलिः दृब्धा'। यह टिप्पणी चाहे किसी ने भी लिखी हो, परन्तु किस आधार पर लिखी है इसका सूत्र कहीं भी प्राप्त नहीं है। दूसरी और आचार्य जी ने 'अगाधसंशया' इत्यादि अन्तिम पद्य की विवृति में गुरु वसुगुप्त का नाम तो लिया है परन्तु स्पष्ट शब्दों में उनको सूत्रकार उद्घोषित नहीं किया है। यदि यह माना भी जाए कि आचार्य जी श्री भट्टकल्लट को ही मूल सूत्रकार मानने के पक्ष में थे, तो भी इस शंका का समाधान नहीं हो पाता कि उन्होंने फिर यह बात किसी स्थान पर स्पष्ट शब्दों में क्यों नहीं लिखी? साथ ही आचार्य जी के इन शब्दों से यह स्थिति भी पूर्णतया स्पष्ट नहीं हो जाती है कि क्या गुरु वसुगुप्त ने अपने शिष्य को अद्वैत–सिद्धान्त का रहस्य

सूत्ररूप में दिया था या मौखिक उपदेश के रूप में?

आज से कुछ दिन पहले प्रस्तुत लेखक के परम आदरणीय गुरुवर्य डॉ. बलजिन्नाथ पण्डित शिमला से यहां पधारे थे। ईश्वर आश्रम में श्री सद्‌गुरु ईश्वरस्वरूप जी महाराज के समक्ष ही सौभाग्यवश उनसे भेंट हुई और प्रस्तुत विषय की चर्चा भी छिड़ गई। डॉ. महोदय श्रीभट्‌ट को ही मूल सूत्रकार मानने के पक्ष में हैं। इस विषय में वह उल्लिखित श्री भास्कराचार्य की मान्यता को ही श्री क्षेमराजाचार्य की मान्यता की अपेक्षा अधिक प्रमाणिक मानते हैं। साथ ही उनका कथन है कि उनके गुरुमहाराज प्रातःस्मरणीय श्री अमृतवाग्भवाचार्य महाराज का मत भी यही है। इसके प्रतिकूल श्री सद्‌गुरु ईश्वरस्वरूप जी महाराज अपने गुरुक्रम से चली आ रही परम्परा के आधार पर सिद्ध वसुगुप्त को मूलसूत्रकार मानते हैं। अस्तु, परमेश्वरस्वरूप गुरुओं की बातें गुरु ही जानें। प्रस्तुत लेखक को उनकी मान्यताओं को उचित या अनुचित ठहराने का न तो कोई अधिकार है और न उसमें ऐसा साहस है। केवल अपनी ओर से इतना नम्र निवेदन है कि यदि श्रीभट्‌टकल्लट के अपने ही पद्य –

अगाधसंशयाम्बोधिसमुत्तरणतारिणीम्।
वन्दे विचित्रार्थपदां चित्रां तां गुरुभारतीयम्।।

(स्पन्दकारिकावृत्ति 52वां पद्य)

के अर्थ पर निष्पक्षता से विचार किया जाए, तो सहज ही में यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि वास्तव में सूत्रकार होने का श्रेय सिद्ध वसुगुप्त को प्राप्त हे। मूल स्पन्दसूत्रों की संख्या 49 है। श्रीक्षेमराजाचार्य ने भी स्पन्दनिर्णय के उपोद्‌घात में मूलसूत्रों की यहीं संख्या बताई है। इससे यह बात स्वयं सिद्ध हो जाती है कि उल्लिखित कारिका श्रीभट्‌टकल्लट ने मूलसूत्रों पर वृत्ति लिखने के अनन्तर, गुरुभारती की वन्दना करने के लिए, अपनी ओर से जोड़ दी है। यदि मूल सूत्र भी उनके अपने ही शब्द होते तो संभवतः उनको यह कारिका लिखने की आवश्यकता नहीं पड़ती। कोई भी विवेकशाली व्यक्ति अपने ही शब्दों को 'गुरुभारती' का नाम देकर और कारिका में वर्णित विशेषणों से सजाकर, स्वयं ही उनकी वन्दना करता हुआ देखा नहीं जाता है। अतः सिद्ध वसुगुप्त के ही मूल सूत्रकार होने की मान्यता स्वयं वृत्तिकार के ही शब्दों से प्रमाणित होती है।

इसके अतिरिक्त प्रस्तुत अनुवाद की ही मूल पुस्तक, यहां के रिसर्च कार्यालय द्वारा प्रकाशित स्पन्दकारिका (श्री कल्लटाचार्य वृत्ति – संवत् 1870 संस्करण) के अन्त में, तीन श्लोकों का एक अलग परिशिष्ट जैसा छपाया गया है। ये तीन श्लोक श्री भट्‌टकल्लट ने लिखे हैं अथवा किसी और ने, कुछ पता नहीं है। इनमें से दूसरा श्लोक इस प्रकार है –

दृब्धं महादेवगिरौ महेशस्वप्नोपदिष्टाच्छिवसूत्रसिन्धोः।
स्पन्दामृतं यद्वसुगुप्तपादैः श्रीकल्लटस्तत्प्रकटीचकार।।

उल्लिखित श्लोकों की रचना चाहे जिस व्यक्ति ने की हो परन्तु यहां पर उद्‌धृत श्लोक, स्पष्ट शब्दों में, वसुगुप्तपाद को ही सूत्रकार और श्री भट्‌टकल्लट को वृत्तिकार उद्‌घोषित करता है।

स्पन्दकारिका

अस्तु, यद्यपि बहुमत इसी मान्यता के पक्ष में है, तथापि इस संबंध में किसी निश्चित निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए निष्पक्ष शोधकार्य की आवश्यकता है।

स्पन्द क्या है?

शिव–शक्ति सामरस्य ही, सदाशिव तत्व से लेकर पृथिवी तत्व तक, सारे जड़–चेतनात्मक विश्व का आधारभूत एवं शाश्वत यथार्थ है। स्पन्दशास्त्र के पारिभाषिक शब्दों में इसी को चिन्मात्ररूप आत्मसत्ता भी कहते हैं। इस सामरस्य में शिव प्रकाश है और शक्ति उसका विमर्श है। शिव और शक्ति अथवा प्रकाश और विमर्श यह केवल कहने–सुनने के लिए मात्र औपचारिक द्वित्व है। वास्तव में यह नीरक्षीरात्मक सामरस्य है। अस्तु, विमर्श प्रकाश की स्पन्दना है और स्पन्दना होने के कारण प्रकाश का प्राण है। यदि प्रकाश में प्राणभूत स्पन्दना न हो तो प्रकाश की सत्ता की क्या ? शक्तिहीन शिव की कल्पना शव की कल्पना से कुछ अधिक नहीं। फलतः प्रकाशरूप शिव की, निजी अभिन्न, अहंविमर्शरूपा शक्ति ही स्पन्द है और स्पन्दना ही शिव का स्वातन्त्र्य है।

स्पन्दशक्ति में ज्ञातृता और कर्तृता रूप स्वातन्त्र्य

शक्ति के पांच मुख हैं – 'चित्, निर्वृत्ति (आन्नद),

इच्छा, ज्ञान और क्रिया'। इनमें से चित्ता और आनन्दता शिव के साथ इस रूप में घुली–मिली है कि इनका मात्र कल्पनात्मक पार्थक्य भी सम्भव नहीं। मौलिक शिवभाव खण्डित रूप में 'चित्' और 'आनन्द' नहीं, अपितु अखण्डबोध से ग्राह्य 'चिदानन्द' है। इच्छा यद्यपि इनका ही स्थूलरूप है, तथापि शिवभूमिका पर उसका वैसा रूप नहीं जैसा कि पशु भूमिका पर है। शिव पशु के समान, स्थूल रूप में, न कभी आम खाना चाहता है और न कभी पेड़ ही गिनना चाहता है। शैव मान्यता के अनुसार, उस भूमिका पर इच्छा का रूप चित्ता और आनन्दता का सूक्ष्मामितसूक्ष्म अभ्युपगममात्र (शिवत्व में इन दोनों की वर्तमानता का स्वीकार) है। इस अभ्युपगम में भी बहिर्मुखीन उन्मुखता न होने के कारण इच्छा भी शिवत्व में ही विश्रान्त अवस्था में वर्तमान है। शेष रह जाते हैं ज्ञान और क्रिया। इन्हीं दो रूपों में शाश्वत शक्ति–स्पन्दता, पतिभूमिका और पशुभूमिका पर युगपत् ही, स्पन्दायमान है। फलतः ज्ञातृता और तदनुकूल कर्तृता (सब कुछ जानने और करने का स्वातंत्र्य = पूर्णकर्तृत्व) यही स्पन्दशक्ति का स्वरूप है और यही उसमें स्वातन्त्र्य है। इसी स्वातन्त्र्य के द्वारा वह ग्रहिता–भूमिका, ग्रहण–भूमिका और ग्राह्य–भूमिका पर युगपत ही स्पन्दायमान है।

शक्ति के पांच मुखों का यह अभिप्राय नहीं कि ये पांच प्रकार की भिन्न–भिन्न शक्तियां हैं। वास्तव में शक्ति एक ही है। इसका मूलरूप स्वतन्त्र चित्ता (चिन्मात्ररूपता) है। यह शक्तिमान से अभिन्न है। चित्ता का ही स्थूल रूप आनन्द, आनन्द का ही स्थूलरूप इच्छा, इच्छा का ही स्थूल रूप ज्ञान और ज्ञान का ही स्थूल रूप क्रिया है। शिव, सृष्टि संहार और पांच कृत्य करता है क्योंकि उसमें ज्ञान है, वह जानता है क्योंकि इसमें इच्छा है, वह चाहता है क्योंकि उसमें आनन्द है, वह आनन्दमय है क्योंकि वह पूर्णचैतन्य है। फलतः चित्ता ही शिव और शिव ही चित्ता है। केवल 'शिवशक्तिसामरस्य' है।

स्वस्वभाव या स्वभाव

संसार–भूमिका पर किसी भी प्राणी विशेष या वस्तु विशेष में, उत्पत्ति से लेकर अन्त तक प्रायः एक ही रूप में रहने वाले, किसी विशिष्ट गुण या प्रकृति को स्वभाव कहा जाता है। इस भूमिका पर प्रत्येक पदार्थ के विशिष्ट एवं अन्य पदार्थों से भिन्न होन के कारण यह स्वभाव भी विशिष्ट एवं भिन्न प्रकार का होता है, अतः इसको समष्टिरूप नहीं अपितु व्यष्टिरूप ही कहा जा सकता है। इसके प्रतिकूल अध्यात्म–भूमिका पर स्वभाव या स्वस्वभाव शब्द से उस समान्य रूप मौलिक स्पन्द तत्त्व का अभिप्राय है जो विश्व के प्रत्येक जड़ अथवा चेतन पदार्थ में एक ही मौलिक सत्ता के रूप में अनुस्यूत होकर अवस्थित है। वह तत्व उन विभिन्न वेद्य पदार्थों के प्रकाशन, स्थिति और संहार का मूल कारण होने से कर्तृभूत सत्ता है और स्वयं कार्यभूत प्रमेयता के स्पर्शमात्र से भी बहुत दूर है। वह निरवच्छिन्न, अकालकलित और स्वतन्त्र होने के कारण विशुद्ध चिन्मात्र रूप है। वहीं तत्त्व प्रस्तुत स्पन्दसूत्रों में वर्णित आत्मसत्ता है और स्वरूप अथवा स्वस्वरूप जैसे अन्य पारिभाषिक शब्द भी उसी को अभिव्यक्त करते हैं।

स्पन्दशास्त्र में अवस्थायुगल

यदि शैवदर्शन के मूलमन्त्र पूर्ण–अभेद के परिप्रेक्ष्य में विचार किया जाए तो यही तथ्य समझ में आता है कि विश्व के कण–कण में अथवा विश्वोत्तीर्ण रूप में मात्र स्पन्दमयी आत्मासत्ता की विद्यमानता है। उसको अवस्था विशेषों की सीमाओं में बन्द करना कहती भ्रान्ति है। अस्तु, इसके बिना कोई चारा भी नहीं क्योंकि संसार भूमिका का निर्वाह भेददृष्टि को अपनाए बिना नहीं हो सकता है। भेद तो अभेद का ही बहिर्मुखीन विकास है, अतः इसको झुठलाया भी कैसे जा सकता है?

परतत्त्व शक्तिमान् होने के कारण, अपनी निर्बाध एवं स्वतन्त्र शाक्तविजृम्भणा के द्वारा स्वयं ही कर्तृता–अवस्था और कार्यता–अवस्था में अवभासमान होकर, विश्व के उत्थान एवं पतन की क्रीड़ा करता रहता है। इन दो अवस्थाओं में से कार्यता–अवस्था स्वरूप विकास और कर्तृता–अवस्था स्वरूप–विश्रान्ति है। कार्यता केवल उपाधि है, क्योंकि वह कर्तृता के प्रकाश पर उपजीवित है और बोध–प्राप्ति के बाद तत्काल ही विलीन हो जाती है। इससे प्रतिकूल कर्तृता–अवस्था, नित्योदित – बोधरूपा होने के कारण, शाश्वत वास्तविकता है। आत्मकल्याण चाहने वाले व्यक्तियों के लिए कर्तृता उपादेय और कार्यता हेय है। भारत के लगभग समूचे दार्शनिक संसार में स्वतन्त्र कर्तृता को 'अहंता' और परतन्त्र कार्यता को 'इदन्ता' शब्दों से अभिव्यक्त किया जाता है।

स्पन्दशास्त्र में प्रमाता के भेद

स्पन्दशास्त्र की मान्यता के अनुसार मूलतः पूर्णचेतन स्वस्वभाव ऊपर से नीचे तक एक ही प्रमाता है। स्वतन्त्र एवं आनन्दमय होने के कारण वह दो रूपों में अवस्थित है। पहला पतिप्रमाता और दूसरा पशुप्रमाता। प्रतिप्रमाता के रूप में वह विश्वमय विकास का विश्वोत्तीर्ण रूप है, अतः इस रूप में उसके अवान्तर भेदों की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। पशुप्रमाता के रूप में वह विश्वोत्तीर्ण का विश्वमय विकास है। इस रूप में वह व्यष्टिरूप और विशिष्ट है। अतः उसके भेद, उपभेद और आकार–प्रकारात्मक वैचित्र्य इतने हैं कि उनकी गणना मानव की संकुचित कल्पना में नहीं आ सकती है। पंचभौतिक काया को धारण करने वाला प्रत्येक जंमरूप या स्वावररूप प्राणी 'पशुप्रमाता' है। प्रत्यभिक्षा के आचार्यों ने अहंता और इदन्ता के उतार–चढ़ाव के आधार पर, विश्व को शुद्ध–मार्ग में और अशुद्ध–मार्ग में बांटकर, इन अवस्थित प्रमाताओं के विभिन्न एवं विविध स्तरों का गंभीर विवेचन प्रस्तुत किया है, परन्तु स्पन्द–शास्त्रियों के मतानुसार शिवप्रमाता के अतिरिक्त अन्य सारे पशुप्रमाता हैं चाहे वे सदाशिव–कोटि या पृथिवीकोटि पर अवस्थित हों। हां, उन्होंने केवल इनमें पाए जाने वाले बोधात्मक संकोच या विस्तार के आधार पर अबुद्ध, बुद्ध, प्रबुद्ध और सुप्रबुद्ध इन चार श्रेणियों में बांटकर रखा है। आगे सूत्रांक 17 के विवरण में इन चारों श्रेणियों पर यथसंभव प्रकाश डाला गया है।

प्रमाताओं के ग्राह्य विषय

पतिप्रमाता के लिए समूचा जड़–चेतनात्मक विश्व अभिन्न अहं–रूप में ही ग्राह्य है। पशुप्रमाताओं के ग्राह्य विषय दो प्रकार के हैं – 1. आभ्यन्तर और 2. बाह्य। आभ्यन्तर ग्राह्य विषयों में सुखिता, दुःखिता और मूढ़ता इन तीनों अन्तःकरण–धर्मों के साथ संबंधित भावनात्मक और बाह्य ग्राह्य विषयों में शब्दात्मक, स्पर्शात्मक, रूपात्मक, रसात्मक और गन्धात्मक स्थूल पदार्थ अन्तर्भूत हो जाते हैं। आभ्यन्तर विषय मानसिक अनुभूति के द्वारा और बाह्य–विषय पांच ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा ग्राहय हैं। इन बाह्य ग्राह्य विषयों और अभ्यन्तर ग्राह्य विषयों का बोध क्रमशः नील और सुख इन दो पारिभाषिक शब्दों से हो जाता है। इस संबंध में यह तथ्य ध्यान में रखना आवश्यक है कि पतिप्रमाता की अपेक्षा पशुप्रमाता स्वयं भी ग्राह्य कोटि में ही पड़ जाता है।

पाश कौन सा है?

प्रत्येक पशु के हृन्मंडल में, निगूढ़ रूप में अवस्थित ज्ञान–क्रियात्मक स्पन्दशक्ति के वास्तिविक स्वतन्त्र एवं सामान्य रूप का अपरिचय ही, उसके लिए पाश है। संसार की भूमिका पर अवस्थित सारे जड़ या चेतन पदार्थ सामान्य शक्ति के ही विशिष्ट रूप हैं। विशिष्ट होने के कारण आपस में भिन्न और पारस्परिक भिन्नता के कारण परस्पर सापेक्ष हैं। यह पारस्परिक भिन्नता के कारण परस्तर सापेक्ष हैं। यह पारस्परिक सापेक्षता ही भौतिक द्वन्द्वात्मकता है। द्वन्द्वों की चक्की के दो पाटों में फंसा हुआ जीव लगातार पिसा जा रहा है। और युग–युगों तक (जब तक उसको पारमेश्वर शक्तिपात का स्पर्श न हो जाए) आवागमन के चक्कर में पड़ा ही रहता है। साधारण शब्दों में इस प्रकार भी कहा जा सकता है कि विश्वात्मक एकात्म को भूलकर वैयक्तिक अनेकत्व की गहराइयों में खो जाना ही एक ऐसा बंधन है जो जीवात्मा के साथ जोंक की तरह चिपका रहता है। इस जोंक से पिंड छुड़ाना केवल वीर और धीर पुरुषों का काम है।

मुक्ति क्या है ?

साधारण रूप में यदि मुक्ति जैसे किसी पृथक्, पदार्थ की कल्पना की जाए तो वह सापेक्ष बन जाती है। आखिर मुक्ति किससे ? ऐसी परिस्थिति में इसके लिए किसी पूर्ववर्ती बंधन जैसे पृथक पदार्थ के सद्भाव की अपेक्षा है। जहां तक स्वस्वभाव का संबंध है, वह तो निरपेक्ष है। फलतः उस भूमिका पर न कोई बंधन है और न किसी से मुक्ति होना है। स्वभाव स्वभाव ही है, न कम और न ज्यादा।

पशुभूमिका पर सब कुछ सापेक्ष है। अतः बंधन और मुक्ति जैसी कल्पनाएं भी विद्यमान है। अभी ऊपर कहा गया कि आत्मशक्ति से वास्तविक स्वरूप की विस्मृति ही बंधन है, अतः यह स्पष्ट बात है कि उसकी पूर्ण और सच्ची स्मृति (ढोंग–धूतरा छोड़कर) ही मुक्ति है। इस स्मृति को ही शास्त्रीय शब्दों में तुरीया रूप शाक्त भूमिका का साक्षात्मकार होना कहते हैं।

स्पन्द के उपदेश का अधिकारी कौन ?

स्पन्द–सम्प्रदाय के गुरुओं की मान्यता के अनुसार, पशुभूमिका पर अवस्थित पूर्वोक्त चार प्रकार के प्रमाताओं में से केवल प्रबुद्ध प्रमाता ही स्पन्शास्त्र के उपदेश के लिए उपयुक्त पात्र है। जहां तक अबुद्ध और बुद्ध प्रमाताओं का संबंध है, उनको उपदेश देना मरूभूमि में बीज बोने के समान निष्फल है। जहां तक सुप्रबुद्ध प्रमाता का संबंध है, उसको उपदेश दिए जाने की कोई आवश्यकता नहीं क्योंकि उसने प्राप्य वस्तु प्राप्त की होती है। शेष रह जाता है प्रबुद्ध प्रमाता। वह आध्यात्मिक दृष्टि से शाक्तभूमिका के प्रवेश द्वार के बिल्कुल निकट पहुंचा हुआ तो होता है, परन्तु सद्गुरु की दया के बिना इस क्षेत्र में प्रविष्ट होने के लिए सक्षम नहीं होता है। अतः उसको स्पन्द वाक्यों की सुधा पिलाकर अगाध संशयसागर से पार उतारना सिद्ध गुरुओं का आवश्यक एवं मनोनीत कर्तव्य है और यही सारे स्पन्दशास्त्र का मुख्य उद्देश्य भी है।

श्रीभट्टकल्लट की वृत्ति का ही अनुवाद क्यों ?

श्री भट्टकल्लट की वृत्ति को ही हिन्दी अनुवाद के लिए चुनने में पहला और विशेष कारण यह है कि सद्गुरु ईश्वरस्वरूप जी महाराज ने स्पष्ट शब्दों में, इसी पुस्तक को पढ़ाने का आदेश दिया था।

दूसरा कारण अपनी यह दृढ़ धारणा है कि श्री भट्टकल्लट ने लिए दृष्टिकोण को अपनाकर स्पन्द–सूत्रों की व्याख्या ही है, वह स्वभाविक रूप में, सिद्ध वसुगुप्त के वास्तविक अभिप्राय का प्रतिनिधित्व करती होगी। इसका स्पष्ट कारण यह है कि श्री भट्टकल्लट सूत्रकार के साक्षात् शिष्य हैं, अतः उनको गुरु ने अपना अभिप्राय स्वयं मौखिक रूप में बहुत बार अवश्य समझाया होगा। दूसरी ओर, इसमें भी कोई संशय नहीं कि यदि श्री भट्टकल्लट के जीवनकाल में ही यह वृत्ति लिखी होगी तो अवश्य उनकी स्वीकृति प्राप्त करने के लिए, उनको दिखाई होगी। निःसंदेह श्री भट्टकल्लट को जो उपदेश मिला वह साक्षात् सूत्रकार से ही मिला। इसके प्रतिकूल अन्य टीकाकारों के पास जो कुछ पहुंचा वह उन्हीं के माध्यम से पहुंचा। कई परिस्थितियों में उसके पहुंचने में कई पीढ़ियों का समय लग गया और इतने समय में वह कितनी मात्रा तक बासी हो गया इसका अनुमान लगाना कठिन नहीं है।

तीसरा कारण यह है कि यदि श्री क्षेमराजाचार्य की निर्णय नामक टीका और श्रीभट्टकल्लट की प्रस्तुत वृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो यह समझने में देर नहीं लगती कि जहां पहली दुरूह, अस्पष्ट एवं अपेक्षा से अधिक अन्तर्मुखीन प्रवृत्तियों को लिए हुए है, दूसरी सरल, स्पष्ट, व्यवहारिक एवं साधारण से साधारण और आध्यात्मिक दांव–पेचों से बिल्कुल अनभिज्ञ व्यक्तियों को भी किसी न किसी रूप में लाभ पहुंचाने वाली है।

विवरण के विषय में

प्रत्येक विवरण स्पन्द–सूत्रों के अन्तर्निहित अभिप्राय तक ही सीमित न रखकर, समूचे शैवदर्शन के परिप्रेक्ष्य में लिखा गया है। इस बात का पहले ही उल्लेख किया गया है कि शैवदर्शन की मौलिक मान्यताओं की जितनी विशद एवं विस्तृत व्याख्या प्रत्यभिज्ञाग्रन्थों में उतनी स्पन्दग्रंथों में नहीं ही गई है। फलतः किसी भी स्पन्द ग्रंथ या प्रत्यभिज्ञा ग्रंथ का अध्ययन करने के इच्छुक पाठक को जब तक इस दर्शन के मौलिक सिद्धान्तों की विस्तृत रूप में जानकारी न हो तब तक उसके लिए प्रतिपाद्य विषय को पूर्णतया हृदयंगम बनाना या उसके रस का आस्वादन करना कठिन ही है। यही कारण है कि विवरणों का क्षेत्र स्पन्द सूत्रों तक ही सीमित न रखकर प्रत्यभिज्ञा–ग्रंथों और आगम–ग्रंथों तक भी विस्तृत किया गया है। क्षेत्र को विस्तृत करने के साथ–साथ, इनको यथासंभव संक्षिप्त बनाने का प्रयत्न तो किया गया, परन्तु इतना संक्षिप्त भी नहीं कि मुख्य सैद्धान्तिक बातें ही अपूर्ण रह गई हों।

इस संबंध में सज्जन पाठकों का ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित करना आवश्यक है कि किसी भी विवरण को शैव आचार्यों के पारस्परिक मतभेदों या बौद्धिक घात–प्रतिघातों का अखाड़ा नहीं बनने दिया है और न इनमें भारत के अन्य दर्शनों के साथ शैव दर्शन की तुलनात्मक समीक्षा को ही प्रस्तुत किया गया है। इसका कारण यह है कि प्रस्तुत प्रयास का लक्ष्य शैव दर्शन के मुख्य–सिद्धान्तों को अपने यथावत् रूप में प्रस्तुत करने के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं रहा है। सारे विवरण केवल इस दृष्टिकोण को अपनाकर लिखे गए हैं कि शैव दर्शन के विचार संस्कृत भाषा को न जानने वाले पाठकों तक भी पहुंच जाएं।

❑❑

स्पन्दशास्त्र एवं परमसत्ता

– डॉ. जागीर सिंह –

स्पन्दसूत्रों के अनुसार स्पन्दात्मक चैतन्य को परमसत्ता माना गया है। काश्मीर शैव दर्शन के सुप्रसिद्ध आचार्य क्षेमराज ने स्पन्दशास्त्र के अनुसार परमसत्ता के स्वरूप का सारतत्व अभिव्यक्त करते हुए ऐसा ही कहा है।[1] नेत्रतन्त्र (मृत्युजिद्भट्टारक) में भी सभी शास्त्रों का निष्कर्ष निकालते हुए कहा गया है कि परमात्मस्वरूप सब प्रकार की उपाधियों से रहित होता है और आत्मा का स्वभाव चैतन्य होता है।[2] इसी प्रकार विज्ञानभैरव में परमसत्ता को सभी शरीरों में व्याप्त होने वाला चैतन्य कहा है।[3] इसी तथ्य को स्पष्ट करते हुए स्पन्द–शास्त्र में कहा गया है कि जिस तत्व के बलस्पर्श से आन्तर करणेश्वरी चक्र के साथ इस सारे इन्द्रिय वर्ग को स्वतः जड़ होने पर भी चेतन की तरह ही सृष्टि, स्थिति और संहार करने का धर्म प्राप्त होता है, वह तत्व दूसरे पदार्थों को चेतनता प्रदान करने में समर्थ होने के कारण स्वयं चैतन्य से रहित कैसे हो सकता है।[4] अतः योगी को चाहिए कि वह प्रयत्न के द्वारा उस तत्व का परीक्षण करे। जिस प्रकार उस तत्व को इन्द्रिय इत्यादि जड़ वर्ग में चेतनता का संचार करने की स्वतन्त्रता है, उसी प्रकार वह दूसरे शरीर, प्राण इत्यादि को भी चेतनधर्मा बनाने में स्वतन्त्र है। वह सहज स्वातन्त्र्य है और प्रत्येक पदार्थ के स्वभाव के रूप में अवस्थित है।[5] अतः अभ्यास करने से ही उसकी अनुभूति हो जाती है।[6] देश, काल और आकार उसी से भासित होते हैं, अतः वह उनसे परे है। इसी प्रकार प्रमाण की सत्ता प्रमाता पर निर्भर होने से वह उसकी सीमा में भी अस्पर्शित है।

शैव दर्शन के रहस्यग्रन्थ (उपनिषद) शिवसूत्र में भी परमसत्ता के स्वरूप की ऐसी ही झलक मिलती है। तदनुसार आत्मा को चैतन्य रूप में माना गया है,[7] जो ज्ञान और क्रिया के स्वातन्त्रय से युक्त है।[8] इसी प्रकार स्पन्दशास्त्र में ज्ञान और क्रिया परमसत्ता के स्वाभाविक धर्म अभिहित हैं। शिव और शक्ति के सामरस्य युक्त नित्य परमार्थ स्वभाव (शंकर) ही संसारी बनकर आवागमन के चक्कर में पड़ जाता है, तो उसको उस रूप में शिव कैसे कहा जा सकता है? इसके उत्तर में यह कहा जाता है कि जिस अभेद – भूमिका में यह सारा विश्व अनादिकाल से 'अहं–रूप' में अवस्थित रहता है और जिससे इसकी उत्पत्ति अहंरूपता से पृथक् – सी होकर इदं (विश्व) रूपता में अवभासित हो जाती है, उस सत्ता के स्वभाव पर संसारी अवस्था में भी कोई आवरण नहीं पड़ता है, क्योंकि इसी से उनकी सत्ता होती है। अतः उसके स्वतन्त्र प्रसार में कोई रुकावट नहीं पड़ सकती है।[11] यही कारण है कि उसको "शिव" कहा जाता है। स्पन्दतत्त्व का यह स्वभाव है कि उसको सुख, दुःख, ग्राह्यता, ग्राहकता और मूढ़ता इत्यादि भाव कभी भी स्पर्श नहीं करते हैं। वही तत्त्व परमार्थ सत् है, क्योंकि वह नित्य है।[12] सुख इत्यादि केवल मानसिक संकल्पों की ही उपज हैं, क्षणमात्र में नष्ट होने वाले हैं और आत्मा के वास्तविक रूप से बाह्य है। अतः वे भी शब्द इत्यादि ज्ञेय विषयों के ही तुल्य है। इस संबंध में सोचना भी व्यर्थ है कि यदि उस तत्त्व को सुख इत्यादि की अनुभूति नहीं होती है, तो वह पत्थर के समान जड़ ही हैं, क्योंकि सुख–दुःख तो बुद्धि के धर्म हैं एंव द्वयापेक्षी हैं। परमार्थ शिवरूपता में पत्थरादि जड़ों की अपेक्षा अपने पूर्णस्वरूप की अनुभूति का परमानन्द सतत विद्यमान रहता है। इस जगदानन्द की तुलना में सांसारिक सुख नगण्य–सा होता है। ग्राहक की दशा से उत्तीर्ण, अतएव यथार्थ प्रमातृ दशा उपलब्ध होने से तत्–तत् स्व हेतु से उपस्थापित सुख–दुख का साक्षात्कार होने पर भी उनसे प्रभावित नहीं होता या कारण राहित्य से उत्पन्न ही नहीं होते।[13]

शाश्वत्–स्पन्दमयी परासंवित भट्टारिका बहिर्मुखी भाव से विश्वरूप में प्रसृत होने की उन्मुखता में स्वयं बहिर्मुख होकर सबसे पहले सामान्य – प्राणना की भूमिका पर उतरकर उसके विकास क्रम से विशेष (गुणादि) स्पन्द रूप त्रिगुणात्मक अन्तःकरणों का रूप धारण कर लेती है।[14] इन त्रिगुणात्मक अन्तःकरणों का

रूप ही सुख, दुःख और मोह होता है। अतः सुखमयता, दुःखमयता और मूढ़ता इत्यादि अवस्थाएं भी स्वरूप से अन्य कोई पदार्थ नहीं हैं, क्योंकि इनमें भी संचित अनुस्यूत रहती हैं।[15] यह तो अखण्डज्ञानरूपा पारमेश्वरी शक्ति है जो कि अन्तर और बाह्य रूप में प्रकाशमान् नील सुख इत्यादि वेद्य पदार्थों के रूप में स्वयं ही प्रकाशमान है।[16] प्रतिसमय संसार में देखा जाता है कि प्रत्येक प्रमाता ज्ञान के द्वारा ही इन नील सुखादि विषयों का अनुभव करता है, अर्थात् ज्ञान–सत्ता के आधार के बिना किसी भी विषय की कोई सत्ता नहीं है। इससे यह बात स्पष्ट होती है कि जो जिसके बिना पृथक रूप में स्थित नहीं रह सकता, वह उससे अभिन्न हुआ करता है। फलतः नील सुखादि भी ज्ञान से अन्य कोई पदार्थ नहीं है।[17] यदि ये अवस्थाएं ज्ञानरूप हैं, तो हैं, यदि नहीं हैं, तो नहीं हैं। जिस प्रकार यदि मिट्टी है तो घर है, यदि मिट्टी नहीं है तो घर भी नहीं है। जो इस सामान्य स्पन्दरूप आत्मतत्व का विमर्श करते हैं, उनके लिए विशेष स्पन्द संसारी भावरूप विघ्न हेतु नहीं बनते, परंतु अप्रबुद्व को घोर संसरण गर्त में डालने के हेतु बनते हैं।[18]

इस संबंध में यह बात स्मरणीय है कि चित् तत्व का स्वरूप विश्वात्मक अहं–विमर्श है। इस अहं–विमर्श के दो रूप हैं – शुद्ध और अशुद्ध। शुद्ध का संबंध पतिप्रमातृभाव के साथ है। इसमें सारी अवस्थाएं और सारे विरोधात्मक द्वन्द्व अपनी भेदमयता को भूलकर विशुद्ध चिद्रूप एकाकारता में उसी प्रकार अवस्थित रहते हैं, जिस प्रकार संसारी की सारी सरिताएं सागर में पहुंचकर सरिताएं न रहकर सागर ही बन जाती हैं। अशुद्ध अहंविमर्श का संबंध संसारी जीव अथवा पशु–प्रमातृभाव के साथ है। यह वह अवस्था है, जिसमें वही विशुद्ध चित्–तत्व, अपने ही रूपान्तर मायाशक्ति के द्वारा अपनी ही अभिन्न ज्ञानशक्ति, क्रियाशक्ति और मायाशक्ति को संकोच में डालकर क्रमशः सतोगुण, रजोगुण और तमोगुण[19] के समष्टि रूप चित्त के रूप में धारण कर लेता है।[20] यह चित्त ही प्रत्येक प्रकार की अवस्थाओं, उपाधियों, उनके पारस्परिक विरोधात्मक द्वन्द्वों, विचित्र प्रकार के शरीरों एवं आकार – प्रकारों की अनेकाकारता की सर्जना करके उनको अपना वास्तविक स्वरूप समझता रहता है, जबकि वास्तविक स्थिति कुछ ओर है।

फलतः विशुद्ध चित् – तत्व प्रति समय अखण्ड ज्ञानात्मक एकाकारता होने के कारण इन सारी सुखमयता, दुःखमयता, ग्राह्यता और ग्राहयकता की उपाधियों से रहित और परमार्थ – सत् है। यह जो पशु प्रमातृ– भाव की पदवी पर प्रत्येक जीवधारी में इन उपाधियों के प्रति 'अहं' अभिनिवेश देखने में आता है, वह तो केवल अपने वास्तविक चैतन्य स्वरूप की अनुभूति की हीनता के कारण ही है।[21] इसके विपरीत निरन्तर अभ्यास एवं गुरु कृपा से आत्मस्वरूप की अनुभूति को प्राप्त करने वाले साधक इन सारी उपाधियों को दूसरे घट, पदादि ग्राह्य पदार्थों की तरह ही अपने से पृथक 'इदं' रूप में और अपने आत्मस्वरूप को विशुद्ध 'अहं' रूप में अनुभव कर लेते हैं। फलतः ऐसे व्यक्तियों को संसार के द्वन्द्व प्रभावित नहीं कर सकते हैं।

जो वस्तु परमार्थसत् है, वह कभी असत् नहीं हो सकती है। यदि उसको 'असत्' मान लिया जाये, तो इस शंका का समाधान नहीं हो सकता है कि 'असत्' वस्तु से 'सत्' की उत्पत्ति कैसे हुई है। फलतः मौलिक स्पन्दतत्त्व स्वयं 'सत्' है और इसी कारण उससे दृश्यमान कार्यरूप 'सत्' का ही विकास होता है। अतः परमसत्ता की स्वातन्त्र्य शक्ति का समस्त जगत्–प्रपंच विकास है, अतएवं मिथ्या न होकर सत् है, क्योंकि शक्ति और शक्तिमान में अभेद होता है।[22] जीवात्मा भी सर्वमय है, क्योंकि यह निजी संवेदन के द्वारा संसार के प्रत्येक भव से सर्जना करता रहता है। जो भी पदार्थ अनुभव में आता है, वही संवेदन का विषय बन जाता है। यह जीवात्मा किसी भी बाह्य पदार्थ का अनुभव करने के बाद तत्काल ही उसको आत्मसात् कर लेता है।[23] अतः आत्मा का वैसा सर्वमय स्वभाव होने के कारण शब्दों एवं उनके अर्थों की संवेदनाओं में कोई भी ऐसी अवस्था नहीं है, जो शिवमय स्वभाव को अभिव्यक्त करने वाली नहीं हैं। अतः वस्तुस्थिति यही है कि प्रत्येक स्थान पर भोक्ता ही भोग्य पदार्थों के रूप में आभासमान है। योग्य पदार्थ चेतन भोक्ता से इतर नहीं है।[24]

वास्तव में परमेश्वर की स्वातन्त्र्यशक्ति अथवा स्पन्दशक्ति एक ही है, जो अनन्त एवं अपरिमित धाराओं में प्रवहमान होकर विश्व के अणु–अणु का रूप धारण करती है।[25] शक्ति की इन्हीं अनन्त धाराओं को शास्त्रों में आन्तरचक्र या करणेश्वरी चक्र का नाम दिया गया है। तन्त्रालोक, स्वच्छन्द तन्त्र, विज्ञान भैरव इत्यादि अनेक शैवग्रन्थों में परमेश्वर की अनेक शक्तियों और अनेक चक्रों की विस्तृत विवेचना की गई है। स्पन्दशास्त्र में कहा गया है कि इस चक्र से उस शक्तिवर्ग का अभिप्राय है, जो

प्रमाता के अन्तःकरणों, इन्द्रिय वर्ग और प्रमेय भावों की स्फुरणा प्रदान करता है।[26]

परमेश्वर की स्वातन्त्र्य रूप स्पन्द शक्ति विश्व का बाह्यप्रसार करने की भूमिका में 'वामेश्वरी''[27] रूप धारण कर लेती है। शास्त्रकारों ने यह नामकरण निम्नलिखित उपपत्तियों के आधार पर किया है–

1. यह विश्व का वमन करती है अर्थात् स्वरूप में केवल 'अहं' रूप में ही अवस्थित भावमण्डल का, बाह्य 'इदं' रूप में अवभासन करती है।
2. यह वाम अर्थात् उल्टा आचरण करती है। भाव यह है कि स्वभाव के विरूद्ध रूप को अर्थात् संसार के रूप को धारण करके सारे विश्व को अनन्त उत्पत्तियों और जन्म–मरण का विषय बना लेती है।
3. यह संसार–भाव के विरुद्ध आचरण करती है। भाव यह है कि पारमेश्वरी शक्तिपात का पात्र बने हुए व्यक्तियों में विश्वभाव का विकास करती है।

यह वामेश्वरी ही विश्व–लीला के विकास के समय क्रमशः खेचरी, गोचरी, दिक्चरी और भूचरी के रूप में अभिव्यक्त होकर प्रमाता, अन्तःकरण, बाह्येन्द्रियों और समस्त प्रमेयों का रूप धारण करती है।[28] ये खेचरी इत्यादि शक्तियां पशुभाव में पड़े हुए शिव (जीव) को मोह में डालकर उसकी बुद्धि में संसारी हेय पदार्थों के प्रति अहं– अभिनिवेश का दुराग्रह उत्पन्न करती हैं, जिससे उसको अपने वास्तविक विश्वात्मक भाव और अपनी अबाध एवं असीम पंचविध कृत्यकारिता का ज्ञान नहीं रहता है। परमेश्वर की इसी अवस्था को 'संसारभाव' कहते हैं।

इतना होते हुए भी इस शक्तिवर्ग का काम द्विमुखी है – जहां ये शक्तियां अज्ञानी पुरुषों को अधोगति के गर्त में धकेलती रहती हैं, वहां सद्गुरुओं की कृपा से निर्मल हृदय वाले पुरुषों को शिवभाव पर आरूढ़ कराने की क्षमता भी रखती है।[29] ऐसे सावधान साधकों के हृदयों में ये शक्तियां मूढ़भाव को उत्पन्न नहीं करती है। वे तो शरीर, प्राण इत्यादि में रहते हुए भी साक्षात् शिव ही होते हैं।

इस प्रकार हम देखते हैं कि स्पन्दशास्त्र के अनुसार परमसत्ता एक सार्वभौम चैतन्य को माना गया है, जो परास्पन्दनात्मक है। इसी से समस्त जगद् प्रपंच की सृष्टि, स्थिति एवं संहारादि लीला होती है। उसका अभेद रूप में विमर्श ही मोक्ष देने वाला होता है।[31] ❑❑

संदर्भ–संकेत

1. "महता ग्रन्थेन (स्पन्दशास्त्रेन) शङ्.करात्मक –स्पन्द–तत्त्वरूपं चैतन्यं सर्वदा स्वप्रकाशं परमार्थसत् अस्ति इति प्रमाणीकृतम्"। – .शि.सू.वि, पृ. 13
2. "परमात्मस्वरूपं तु सर्वोपाधिववर्जितम्।
चैतन्यमात्मनो रूपं सर्वशास्त्रेषु पठयते।। – ने. सं. 8/28
3. "चिद्धर्मा सर्वदेहेषु विशेषो नास्ति कुत्रःचित्।
अतश्च तन्मयं सर्व भावयन् भवजिज्जनः"।। – वि.नै., श्लो. 100
4. "यतः करणवर्गोऽयं विमूढोऽमूढ़वत् स्वयम्।
सहान्तरेण चक्रेण प्रवृत्तिस्थितिसंहृती।। – स्प.का. 1/6

5क "शक्तिश्च नाम भावस्य स्वंरूपं मातृकल्पितम्।
तेनाद्वयःस एवापि शक्तिमत्परिकल्पने।।" – तं.आ., 1/109

ख स एवं सर्वभृतानां स्वभावः परमेश्वरः।
भावजातं हि तस्यैव शक्तिरीश्वरतामयी।। – बो.पं.द., श्लो. 2

6. "लभते तत्प्रयत्नेन परीक्ष्यं तत्त्वमादरात्।
यतः स्वतन्त्रता तस्य सर्वत्रेयमकृत्रिमा"।। – स्प.का. 1/7
7. "चैतन्यमात्मा"। – शि.सू. 1/1
8. "चेतयते इति चेतनः सर्वज्ञानक्रियास्वतन्त्रः, तस्य भावः चैतन्यं सर्वज्ञानक्रियासंबंधमयं परिपूर्ण स्वातन्त्रयम् उच्यते"। – शि.सू.वि., पृ. 6
9. "तदास्याकृत्रिमो धर्मो ज्ञत्वकर्तृत्वलक्षणः।
यतस्तेदेप्सितं सर्व जानाति च करोति च"।। – स्प.का. 1/10
10. "ज्ञानज्ञेयस्वरूपिण्या शक्त्या परमया युतः।
पददूये विभुर्भाति तदन्यत्र तु चिन्मयः।। तदैव, 2/2
11. "यत्र स्थितमिदं सर्व कार्य यस्माच्च निर्गतम्।
तस्यानावृत्तरूपत्वान्न निरोधोऽस्ति कुत्रचित्"।। – स्प.का. 1/2
12. "न दुःखं न सुखं यत्र न ग्राह्यो ग्राहको न च।
न चास्ति मूढभावोऽपि तदस्ति परमार्थतः"।। – स्प.का. 1/5
13. "ग्राहकभूमिकोत्तीर्णनां वास्तवप्रमातृदशाप्रपन्नानां तत्तत्स्वहेतूपस्थापित सुखदुःखसाक्षात्कारेऽपि न तेषां सुखदुःखादि, नोत्पद्यत एवं वा सुखादि हेतुवैकल्यात्, सहजानन्दाविर्भावस्तु तदास्यात्"।।
– श्रीप्रत्यभिज्ञासूत्र विमर्शिनी

14क गुणादिस्पन्दनिःष्यन्दाः सामान्यस्पन्दसंश्रयात्" – स्प.का. 2/3

ख "प्राक्संचित् प्राणे परिणता"।। – शि.सू.वि., पृ. 225

15. "अहं सुखी च दुःखी च रक्तश्चेत्यादिसंविदः।
सुखाश्चवस्थानुस्यूते वर्तन्तेऽन्यत्र ताः स्फुटम्"।। – स्प.का. 1/4
16. "तत्तद्रूपतया ज्ञानं बहिरन्तः प्रकाशते।
ज्ञानदृते नार्थसत्ता ज्ञानरूपं ततो जगत्"।। – शि.सू.वि., पृ. 196
17. "नहि ज्ञानादृते भावाः केनचिद्वषयीकृताः।
ज्ञानं तदात्मतां यातमेतस्मादवसोयते।। – तत्रैव कालिकाक्रमे
18. "ग्रणादिख्पन्दनिःष्यन्दाः सामान्यस्पन्दसंश्रयात्।
लब्धात्मलाभः सततं स्युर्ज्ञस्यापरिपन्थिनः।।
अप्रबुद्धधियस्त्वेते स्वस्थिगनोद्यताः।
पातयन्ति दुरूत्तारे घेरे संसारवर्त्मनि"।। – स्प.का. 2/3,4
19. "स्वाङ्.गरूपेषु पत्युर्ज्ञानं क्रिया च या।
माया तृतीय ते एवं पशोः सत्त्वं रजस्तमः"।। – ई.प्र. 4/18
20. "चितिरेव चेतनपदादवरूढा चेत्यसंकोचिनी चित्तम्"। – प्र.हृ. सू. 5
21. "सुखदुःखयोर्बहिर्मननम्"। – शि.सू., 3.33
22. "स्वशक्तिप्रचयोऽस्य विश्वम्"–शि.सू., 3/30,
शक्तयोऽस्य जगत्कृत्स्नम् – तदेव विमर्शिनी
23. "यस्मात् सर्वमयो जीवः सर्वभावसमुद्भवात्।
तत्संवेदनरूपेण तादात्म्यप्रतिपत्तितः"।। – स्प.का. 2/28
24. "तेन शब्दार्थचिन्तासु न सावस्था न यः शिवः।
भोक्तैव भोग्यभावेन सदा सर्वत्र संस्थितः"।। – स्प.का. 2/29
25. "ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंच जगत्यां जगत्"।। – ई.वा.उप. 1/1
26. "यतः करण वर्गोऽयं विमूढोऽमूढवत् स्वयम्।
सहान्तरेण चक्रेण प्रवृत्तिस्थितिसंहृती"।। – स्प.का. 1/6
27. "किण्व चितिशक्तिरेव भगवती विश्ववमनात् संसारवामाचारत्वाच्च वामेश्वर्याख्यासती"। – प्र.हृ.टी., सू. 12
28. "खेचरी – गोचरी – दिक्चरी – भूचरीरूपैः अशेषैः प्रमातृ – अन्तःकरण बहिष्करण – भावस्वभावैः परिस्फुरन्ती" । – प्र.हृ.टी., सू. 12
29. "पूर्णाविच्छिन्नमात्रन्तर्बहिष्करणभावगाः।
वामेशद्याः परिज्ञानाज्ञानात् स्युर्मुक्तिबन्धदा"।। – प्र.हृ.टी., सू. 12
30. एवं संकुचितशक्तिः प्राणादिमानपि यदा स्वशक्तिव्यामोहितो न भवति, तदा अयम् ... ... "शरीरी परमेश्वरः"। – प्र.हृ.टी. सू. 12
31. "सेयं क्रियात्मिकाशक्तिः शिवस्य यद्दावर्तिनी।
बन्धमित्री स्वभार्गस्था ज्ञाता सिद्धयुपपादिका"।। – स्प.का., 4/18

शैव दर्शन में स्वातन्त्र्य सिद्धान्त की महत्ता

– मखनलाल कोकिलू –

स्वातन्त्र्य सिद्धान्त कश्मीर शैव दर्शन के अन्य सिद्धान्तों में से सर्वप्रथम सिद्धान्त माना जाता है। इस सिद्धान्त के आधार पर प्रभु ही एकमात्र सत्य तत्त्व है, बाकी जो कुछ है वह असत्य न होकर उसी प्रभु के स्वातन्त्र्य का विकास है। वह परमेश्वर शुद्ध प्रकाशरूप या शुद्ध अहंरूप है। तात्पर्य यह है कि प्रभु केवल मात्र चेतना ही चेतना है, अचेतन, शरीर, बुद्धि, प्राण या शून्य का कुछ भी संमिश्रण उसमें नहीं है। प्रकाश की प्रकृति विमर्श होती है। अर्थात् जिसे अपना आभास होता है उसे साथ ही स्व–सत्ता तथा आभासमानता की भी प्रतीति होती है। कश्मीरी भाषा में हम यूं कह सकते हैं कि प्रकाश 'आसुन' (सत्ता) है तथा विमर्श 'भासुन' (भासमानता) है। या हम यह कह सकते हैं कि प्रकाश ज्ञान है और विमर्श जानने की क्रिया है। यह ज्ञानरूपता ही परमशिव की शिवता है और क्रियात्मकता उसकी शक्ति रूपता है। वह स्वयं ही शिव भी है और शक्ति भी। यह शिवता उसकी विश्वोत्तीर्णता है और शक्तिता विश्वरूपता है।

लोक व्यवहार में जब पदार्थ का प्रतिबिम्ब दर्पण में पड़ता है तो वहां पदार्थ का आभास होता है। पर वह आभास प्रकाश नहीं है क्योंकि दर्पण को पदार्थ प्रतीति के अभाव के अभाव पदार्थ का विमर्श नहीं होता है। अर्थात् जब दर्पण को यह विमर्श नहीं कि 'मैं हूं' तब उसे 'यह है' इस प्रकार का विमर्श कैसे होगा। इसके विरूद्ध एक प्राणी को अपने प्रकाश और विमर्श के बल से विषय का प्रकाश और विमर्श भी होता है, अर्थात् विषय–आभास के साथ विषय–प्रतीति भी रहती है। अतः वह आभास प्रकाश रूप है पर परमेश्वर को अपनी अनन्त शुद्ध चेतनता के अस्तित्व का विमर्श और प्रकाश दोनों होते रहते हैं क्योंकि वह शुद्ध प्रकाश के साथ–साथ शुद्ध विमर्शरूप है। वास्तव में विमर्श प्रकाश से भिन्न अन्य कोई चीज़ नही। वह प्रकाश का वह स्वभाव है जिससे प्रकाश की प्रकाशता है, तथा विमर्श की विमर्शता है। ये दोनों भाव, वस्तुतः एक और अभिन्न हैं। इनमें भेद का आभास होता नहीं। इसी परम तत्त्व को, जो शुद्ध प्रकाश तथा विमर्श के महान सामरस्य हो धारण करने वाला है, शुद्ध संवित् तत्त्व कहा गया है। वही परमशिव है। अर्थात् प्रमाता, प्रमेय, चेतन और जड़ में जो कुछ भी आभासित होता है वह पूर्णरूप से इसी शुद्ध संवित् में इस प्रकार एक रूप में समाये हुए हैं जैसे दूध में पनीर, दही, मलाई, घी आदि। यह दृश्यमान संसार भी इस संवित्–तत्त्व में व्यक्तिगत रूप में नहीं दिख पड़ता अपितु संवित् बनकर संवित् ही के रूप में सदैव रहता है। इस कारण संसार में भी उसी के रहने के कारण संसार सर्वथा मिथ्या नहीं। यह है और सत्य है। उस शुद्ध संवित् में यह संवित् ही है। यही संवित् रूपता इस संसार की वास्तविक सत्ता है।

शैवदर्शन में संसार को परमेश्वर ही व्यावहारिक रूप देकर इसकी सत्ता प्रदान करता है।

इसीलिए पंरिपूरक स्वभाव के कारण यह परमेश्वर परिपूर्ण है।

शैवदर्शन के अनुसार ज्ञान भी एक क्रिया है। ज्ञान क्रिया के बिना और क्रिया ज्ञान के बिना असंभव है इनमें अन्योन्यभाव संबंध है। स्वातन्त्र्य के अभाव के कारण निर्जीव वस्तुओं की क्रिया वास्तविक क्रिया नहीं। स्वतन्त्रता को धारण करने वाला ही कर्ता कहा गया है। अतः शैवदर्शन का परमेश्वर ज्ञान स्वरूप भी है और क्रिया स्वरूप भी है। प्रकाश और विमर्श ही उसके क्रमशः ज्ञान और क्रिया है।

यह ज्ञानरूप होता हुआ क्रियात्मक भी है। यही उसकी वह शक्ति है जिससे वह प्राणिरूप में और संसाररूप में विभिन्न आकार प्रकारों में अभिव्यक्त होता हैं, अतः वे आकार भी संविद्रूप होने से परमेश्वर ही होते हैं और इन्हें प्रकट करके प्रभु अपने को ही प्रकट करता है। यदि यह शक्तिरूपता उसमें न होती तो वह जड़ होता और स्वातन्त्र्य का चमत्कर्ता न होता। स्वातन्त्र्य के द्वारा ही वह अपने निर्मल प्रकाश में अपनी इच्छा से इस सारे विश्व को, जीव भाव को, अविद्या को, माया को और सारे प्रपच को एक प्रतिबिम्ब की तरह प्रकट करता है। देश, काल या आकार द्वारा सीमित न होने के कारण प्रभु का यह स्वभाव ही है कि वह अपनी इच्छा से जीवभाव को प्रकट करके अपने शिवभाव को भूल डालता हैं अर्थात् स्वातन्त्र्य की लीला में आकर वह अद्वैतभाव को गुप्त रखके द्वैतभाव को भासित करता है। अपने स्वभावभूत स्वातन्त्र्य के उल्लास के कारण ही वह एक प्राणी को दूसरे से अलग और संसार को जीवों से अलग और शिव से अलग समझता है। तात्पर्य यह कि प्रभु चिदानन्द सागर है। यह आनन्द रूपता जो एक प्रकार की हलचल जैसी विशेषता है उसके स्वातन्त्र्य का विलास है। शैवदर्शन में इसे स्पन्द भी नाम दिया है। इस स्पन्दनात्मक आनन्द के कारण ही उसके अपने स्वभाव को प्रकट करने की इच्छा रहती है जो अनिरूद्ध–प्रसर–रूप होती है। इसी से शिव जीवरूप में और शिवरूप में प्रकट होता है और इसी से वह जगत को उत्पन्न तथा नष्ट करता है। इसी से वह अपने भूले स्वभाव को अपने सन्मुख लाकर पहचान के कृतार्थ होता है। यही उसकी महेश्वरता है। सृष्टि, स्थिति, संहार, पिधान और अनुग्रह इसी माहेश्वरी लीला के पांच अंग है। इन पांचों कृत्यों को निभाने के लिए परमेश्वर पांच–पांच रूपों में प्रकट होते हैं। ये ही पांच कारण कहे जाते हैं। इनके ही नाम ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, ईश्वर और सदाशिव क्रमशः वर्णित किए गए हैं। हर एक ब्रह्माण्ड में इनका कार्य होता रहता है। इन पांच कारणों में भी ब्रह्मा से महान विष्णु, उनसे महान रुद्र, रुद्र से ईश्वर और ईश्वर से महान सदाशिव है पर यह सारे ईश्वर माने जाते हैं। इन सबसे अनन्त सामर्थ्य वाले, असंख्य ब्रह्माण्डों के सृष्टि–संहार कर्ता परमेश्वर को ही पर शिव के नाम से पुकारा जाता है। उससे भिन्न और कोई वस्तु नही है। वह स्वयं ही सब कुछ है। उसी की महिमा से यह कल्पित सत्ता परिस्पन्दित हुई है, उसी के सहारे पर आश्रित है तथा समग्र व्यवहार भी उसी के सहारे चल रहा है। परमशिव के इस स्वभाव के प्रकट होने को ही किसी स्थान पर परिणामवाद, कहीं आरंभवाद, कहीं शून्यवाद और कही विज्ञानवाद के नाम से पुकारा जाता है। वास्तव में देखने पर यही ज्ञात होता है कि परमशिव का संपूर्ण व अमित स्वातन्त्र्य ही इन सारे वादों के प्रकट होने का मूल–हेतु है। यह स्वातन्त्र्य परमेश्वर का प्राकृतिक स्वभाव है। इसी सिद्धान्त को योगियों ने महान सिद्धान्त कहा है और इसी स्वातन्त्र्य सिद्धान्त का सम्यक् प्रतिपादन शैव दर्शन में हुआ है।

❑❑

ISHWAR ASHRAM TRUST

(Founded by Shri Ishwar Swaroop Swami Lakshmanjoo Maharaj)

List of Publications (English)

S.No	Title	Author	Price Rs.
1.	Lectures on Principle and Discipline in Kashmir Shaivism(Hard Bound)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 150/-
	Lectures on Principle and Discipline in Kashmir Shaivism(Soft Bound)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 100/-
2.	Kashmir Shaivism (The Secret Supreme) Hard Bound Indian Edition	Swami Lakshmanjoo	Rs. 350/-
	Kashmir Shaivism (The Secret Supreme) Paper Bound Indian Edition	Swami Lakshmanjoo	Rs. 300/-
3.	Sri Vatulnatha Sūtrāni	Swami Lakshmanjoo	Rs. 50/-
4.	Kundalanī Vijñāna Rahaysam (New Edition)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 50/-
5.	Sri Gurustuti (with English/Hindi Translation by Sh. S.P. Dhar/Sushree Prabhaji	Acharya Rameshwar Jha	Rs. 25/-
6.	Self-realization in Kashmir Shaivism (Indian Edition)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 300/-
7.	Abhinavgupta's Bodhpanchadashikā (With a audio CD)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 200/-
8.	Kshemaraja's Parāpreveshikā (With 2 Audio CDs)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 300/-
9.	Abhinavgupta's Bhagvadgītārtha-Sāra Samgraha Shlokar (with 1 Audio CD)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 150/-
10.	Shiv Sūtras (Indian Edition) in English	Swami Lakshmanjoo	Rs. 500/-
11.	Bhagwadgita in the Light of Kashmir Shaivism (Ch. 1-6) With DVDs	Swami Lakshmanjoo	Rs. 1200/-
12.	Vigyana Bhairava with Swamiji commentary (with CD)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 600/-
13.	Bedi Bod (Book of Short Stories for Children)		Rs. 50/-

Hindi / Sanskrit

S.No	Title	Author	Price Rs.
1.	Shri Bhagvadgītārtha- Samgraha (Sanskrit)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 100/-
2.	Sambapanchashikā	Swami Lakshmanjoo	Rs. 150/-
3. A	Panchastavi with Hindi translation (Hard Bound)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 200/-
3. B	Panchastavi with Hindi translation (Soft Bound)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 150/-
4. A	Kramanayapradīpikā (Hard Bound)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 150/-
4. B	Kramanayapradīpikā (Soft Bound)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 100/-
5.	Gurustuti (Sanskrit)	Acharya Rameshwar Jha	Rs. 50/-
6.	Amriteshwara (Bhairava Mahimnastotram)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 50/-
7.	Kashmir Shaiva Darshana Yam – Niyam (Sanskrit/Hindi)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 50/-
8.	Gurustuti (New Version)	Acharya Rameshwar Jha	Rs. 50/-
9.	Shivastotrāvalī (Ślokas only)		Rs. 50/-
10.	Tantrāloka (First Āhnīka) with Hindi translation	Swami Lakshmanjoo	Rs. 50/-
11.	Amriteshwar Bhairava Pooja Vidhi	Swami Lakshmanjoo	Rs. 50/-
12.	Snan Sandhyopasana Vidhi with Gurugita manuscript in Sanskrit	Swami Lakshmanjoo	Rs. 50/-
13.	Shivastotravali (New Edition)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 400/-
14.	Sunday Pooja (Gurustuti)	Acharya Rameshwar Jha	Free of cost
15.	Shiva Sutram (Hindi)	Dr. B.N. Pandit.	Rs. 70/-
16.	Ganeshtavraj (Sanskrit)		Rs. 20/-
17.	Stuti Chandrika (New Edition)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 50/-
18.	Trik Shastra Rahasya Prakriya (manuscript with Hindi translation)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 300/-
19.	Abhinavaguptas Paarmarthsaara based on lectures of Swami Lakshmanjoo	Sushree Prabhaji	Rs. 50/-
20.	Kshemraja's Parapraveshika	Sushree Prabhaji	Rs. 50/-
21.	Shri Kulārnavtantra		Rs. 50/-
22.	Shri Baharūpgarbhastotram	Prof. M.L Kokiloo	Rs. 100/-
23.	Shivratri Pooja	Prof. M.L Kokiloo	Rs. 50/-

Kashmiri

S.No	Title	Author	Price Rs.
1.	Amarnath Yatra (Original Manuscript)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 20/-
2.	Pazar Pazrav (Based on Lectures of Swami Lakshmanjoo)	Pt. J.N. Kaul	Rs. 50/-

Other Publications

1.	Awakening of Supreme Consciousness Lectures of Swami Lakshmanjoo	Pt. J.N. Kaul	Rs. 75/-
2.	Bhavani Nama Sahasra stutih (Hindi)	Pt. J.N. Kaul	Rs. 75/-
3.	Sharadarchan (English/Hindi)	Smt. Kamla Bawa	Rs. 150/-
4.	Mukund Mala (Hindi)	Pt. J.N. Kaul	Rs. 25/-
5.	Indrakshi Stotram	Pt. J.N. Kaul	Rs. 25/-

Audio CDs

1.	Amriteshwar Bhairav Mantra (English)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 100/-
2.	Bhagvad Gita (Abhinavaguptas Sangraha Slokas) English	Swami Lakshmanjoo	Rs. 100/-
3.	Abhinavagutas Bodhapanchadashika English	Swami Lakshmanjoo	Rs. 100/-
4.	Kshemarajas Parapraveshika (English) set of 2 CDs	Swami Lakshmanjoo	Rs. 200/-
5.	Shiv Sutras (English)(Set of 2 MP3 CDs)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 400/-
6.	Gunas, Devotion, Meditation & Grace (Set of 3 CDs) (English)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 300/-
7.	Sri Utpaldevas Shivastotravali (Selected Verses) set of 4MP3 CDs (Kashmiri)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 400/-
8.	Sri Tantraloka (194 Audio Lecturers) MP3 CDs (Kashmiri)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 4000/-
9.	Yams and Niyams in Kashmir Shaivism (Kashmiri)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 100/-
10.	Radio Interview on Aspects of Kashmir Shaivism (Kashmiri)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 100/-
11.	Golden Lecture Series-I Meditation (Kashmiri)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 150/-
12.	Birthday Bhajans (Kashmiri)	Pyarelal and Party	Rs. 100/-
13.	Radio Interview on Aspects of Kashmir Shaivism (Hindi)	Swami Lakshmanjoo	Rs. 100/-
14.	Evening Bhajans (Hindi)	Joshi and Party	Rs. 100/-

Video CDs / DVDs

1.	Abhinavagupta's Paramārthsāra Selected Verses Commentary English Set of 3 DVDs	Swami Lakshmanjoo	Rs. 500/-
2.	International Seminar on Kashmir Shaivism at Delhi (2006) Set of 2DVD's	Ishwar Ashram Trust	Rs. 500/-
3.	Bhagwadgita in the Light of Kashmir Shaivism (Chapters1-6) DVDs	Swami Lakshmanjoo	Rs. 2000/-
4.	Secret Supreme- Selected Verses- Kashmir Shaivism & Parmarthsara-DVD	Swami Lakshmanjoo	Rs. 150/-

Audio Cassettes

1.	Sri Gurustuti (Sanskrit)	Recitation by Smt. Naina Saproo	Rs. 50/-
2.	Bhajans (Kashmiri)	Smt. Naina Saproo	Rs. 50/-

Other Items

1.A	Car Photo of Swami Lakshmanjoo (Divinity Golden on MDF)		Rs. 300/-
1.B	Car Photo of Swami Lakshmanjoo (Divinity Golden on Acrylic)		Rs. 300/-
2.	Car Photo of Swami Lakshmanjoo Acrylic		Rs. 50/-
3.	3 in 1 Acrylic Photos Swami Ram, Swami Mehtabkak & Swami Lakshmanjoo		Rs. 200/-
4.	Photo of Swami Mehtabkak (Acrylic)		Rs. 50/-
5.	Locket of Swami Lakshmanjoo		Rs. 30/-
6.	Key Chain Acrylic of Swami Lakshmanjoo		Rs. 30/-
3.	Photographs of Swami Lakshmanjoo	A. Size 4"x6" (Colour)	Rs. 10/-
		B. Size 8x10" (Colour)	Rs. 50/-
		C. Size 18"x24" (Colour)	Rs. 500/-

Forthcoming Titles

1.	Kashmir Shaivism-Secret Supreme (English) Set of 13 CDs	Swami Lakshmanjoo
2.	Adhyātmik Anishasan-Yama-Niyam	Swami Lakshmanjoo
3.	On Meditation (Kashmiri)	Swami Lakshmanjoo
4.	On Ahimsa (Kashmiri)	Swami Lakshmanjoo
5.	Bhagwādgita Selected Verses (Set of 2 DVDs) (English)	Swami Lakshmanjoo

Note: For Placing order for any publication/CDs/Other items kindly send your cheque/DD in faviour of "Ishwar Ashram Trust" payable at Delhi/Jammu. Postage/VPP Charges are to be paid 10% Extra.

Ishwar Ashram Trust

(Founded by Ishwar Swaroop Swami Lakshmanjoo Maharaj)

Srinagar: Guptaganga, Ishber (Nishat)- 191 021 (Kashmir), **Jammu:** 2-Mohinder Nagar, Canal Road, Jammu-180 002, **Delhi:** R-5, Pocket D, Sarita Vihar, New Delhi-110 076

Calendar of Events 2013-2014

2013

11 April	Thursday	Navreh
15 April	Sunday	Pratishtha-Divas Amriteshwar Temple, Delhi Ashram.
24 April	Wednesday	Pratishtha-Divas Amriteshwar Temple, Jammu Ashram.
6 May	Monday	107th Janama Divas - Ishwarswaroop Swami Ji Maharaj.
9 May	Thursday	Varsha
11 May	Saturday	Pratishtha-Divas Amriteshwar Temple, Srinagar Ashram.
22 July	Monday	Guru Purnima
21 August	Wednesday	Shrawan Purnima and Rakshabandhan
28 August	Wednesday	Janamashtami
20 Sept.	Friday	Pitripaksh Jag [Yajniya] Swami Mahtabkak Ji Maharaj.
22 Sept.	Sunday	Varshik Jag [Mahasamadhi Divas] Shaivachaiya Ishwarswaroop Swami Ji Maharaj.
24 Sept.	Tuesday	Workshop (Sammelan) on Trika Philosophy of Kashmir Shaivism at Srinagar
25 Sept.	Wednesday	Workshop (Sammelan) on Trika Philosophy of Kashmir Shaivism at Srinagar
3 October	Thursday	Pitrpaksh Jag Swami Ram Ji Maharaj
7 Nov.	Thursday	152 Janama Divas - Shaivacharya Swami Mehtab Kak ji Maharaj
30 Nov.	Saturday	Seminar on Kashmir Shaivism at Lal Ded Centre, New Delhi
1 Dec.	Sunday	Workshop (Sammelan) on Trika Philosophy of Kashmir Shaivism at Delhi
27 Dec.	Friday	Workshop (Sammelan) on Trika Philosophy of Kashmir Shaivism at Jammu
29 Dec.	Sunday	160th Janama Divas of Shaivacharya Swami Ram ji Maharaj

2014

29 Jan.	Wednesday	Varshik Jag - Swami Ram Ji Maharaj (100th Maha Samadhi Divas)
27 Feb.	Thursday	Mahashivaratri
2 March	Sunday	Varshik Jag - Swami Mehtab Kak ji Maharaj (73rd Mahasamadhi Divas)



ISHWAR ASHRAM TRUST

(FOUNDED BY SHRI ISHWARSWAROOP SWAMI LAKSHMANJOO MAHARAJ)

MEMBERSH P FORM

To, Date ....

The Secretary
Ishwar Ashram Trust, Delhi

I, hereby request you kindly to enrol me as a member of the SRINAGAR/JAMMU/DELHI/MUMBAI Kendra of the Trust in the category indicated below:

Donor	One time donation of	Rs. 1.00 Lakh.
Patron	One time donation of	Rs. 10,000.00
Life Member	One time donation of	Rs. 3,000.00
Associate Member	Annual	Rs. 300.00

Enclosed please find Draft/Cheque/Cash No. ....Dated............................... drawn on ....for

(Rs.........) Rupees ....Payable to Ishwar Ashram Trust at Srinagar/Jammu/Delhi.

My particulars are as under:
Name ....

Address (in block letters) ....

....

Tel. (R) .... (O) .... (M)...

e-mail: ....

I pledge to abide by the rules & regulations of the Trust and will be delighted to contribute and work for the Trust in the following areas:

(a) Organisation of conferences, seminars, lectures, study circles etc.
(b) Audio-video presentations.
(c) Publications
(d) Sale of books/cassettes, photographs, CD's etc.
(E) Procurement of advertisements.
(F) Publicity
(G) Medical, charitable & social welfare activities.

(Please tick mark (✓) the options)

(Signature)

MALINI

A Quarterly Publication of Ishwar Ashram Trust

Subscription Form

To, Dated.............

The Circulation Manager
Malini.

Kindly enroll me as a subscriber of Malini

For 4 issues ☐ For 8 issues ☐ for 12 issues ☐

Name...

Address..

....

Pin .... **E-mail** ....

Tel (R)...**Mobile**................. ....

Subscription Rates (In India)

4 Issues----Rs. 150 (1 year)	8 Issues---- Rs. 300 (2 years)	12 Issues----Rs. 450 (3 years)

Payment Details

Cheque/Cash/DD (No.) .... Date ....

Bank .... Amount ....

Signature

Note:

1. All Cheques/DD to be in favour of "Ishwar Ashram Trust" payable at Srinagar/Jammu/Delhi/Mumbai.
2. For subscription and any related correspondence, please contact (i) the Circulation Manager, Malini, Ishwar Ashram Trust; R-5, Pocket-D, Sarita Vihar, New Delhi-110 076 (for outside J&K State) and (ii) Circulation Manager, Malini, Ishwar Ashram Trust, 2-Mohinder Nagar, Jammu (for J&K State)

International Seminar on Kashmir Shaivism

Srinagar – Sept. 28-29, 2013













Malini (Vol.VI No. 17)


RNI No. DELMUL/2007/18760

International Seminar on Kashmir Shaivism

Srinagar – Sept. 28-29, 2013



Shri N.N. Vohra, Hon'ble Governor (J&K), addressing the Seminar



The Hon'ble Governor releasing a Souvenir and a CD on the occasion



Shri Vohra being felicitated on behalf of Ishwar Ashram Trust

Printed and Published by Shri R.K. Sadhu for and on behalf of Ishwar Ashram Trust, R-5, Pocket-D, Sarita Vihar, New Delhi-76, Tel.: 26958308
Email: iatishber@rediffmail.com, Printed at: Print Art, A-29/2, Naraina Industrial Area, Phase-1, New Delhi.
Editor-in-Chief: Dr. Shashi Shekhar Toshkhani